दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




लोकरंग में बसा सावन........



सावन के झूले....

वर्ष : 11 | अंक : 209 | लखनऊ, 16 जुलाई, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# डिग्री नहीं, स्किल है असली चाबी

## योगी सरकार की युवा कौशल योजना से 50,000 से ज्यादा युवाओं को मिली उड़ान

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं। अगर प्रदेश को विकसित बनाना है, तो यहां के युवाओं को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षित कर सक्षम बनाना होगा।

मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उन्होंने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जिलों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 15 अभ्यर्थियों को 'यूथ आइकान' सम्मान और पांच स्किल रथों को रवाना किया। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलाजी और थ्री डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में खुद को साबित कर रहा है। इस दिशा में सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित कर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाया है। 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) को न्यू-एज टेक्नोलाजी से जोड़ा गया है। इसके अलावा 400 से अधिक सरकारी और 3000 निजी आइटीआइ में युवाओं को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल रहा है। निजी आइटीआइ में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति और अन्य प्रोत्साहन भी मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने 'सीएम युवा योजना' शुरू की है। इसके तहत आइटीआइ, पालिटेक्निक और डिग्रीधारी युवाओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त कर्ज दिया जा रहा है। अब तक 50,000 से अधिक युवा इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

### आइटीआइ में विदेशी भाषाओं का मिले प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने विदेश में यूपी के कुशल युवाओं के लिए बढ़ते अवसर को देखते हुए सुझाव दिया कि आइटीआइ में जर्मनी, जापानी जैसे विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) से अब छात्र सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते हैं। डुअल डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं की सफलता की कहानियों को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें, तो रोजगार की कोई कमी नहीं है।

### सम्मान और साझेदारी का संदेश

कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान भी दिया गया। साथ ही मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के साथ नालेज पार्टनर के रूप में एमओयू किया गया। व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, सही से प्रशिक्षण लेने के बाद कोई भी युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, श्रम व सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नु, मुख्य सचिव मनोज सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव डा. हरिओम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीमा पर तनाव कम होने के बाद पहली बार एस जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य विदेश मंत्रियों के साथ बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बैठक के बारे में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि उन्होंने शी जिनपिंग को भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों के घटनाक्रमों से अवगत कराया। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 में हुए सैन्य गतिरोध के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में आई गंभीर तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों के हालिया घटनाक्रम से अवगत कराया। इस पोस्ट के साथ उन्होंने शी से हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की। विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने चीनी नेता को भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों से भी अवगत कराया और इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने संबंधों को आकार देने में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन को महत्व देता है। इससे पहले सोमवार को बीजिंग पहुँचे जयशंकर ने बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ विस्तृत बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बात की।

### 'भारत–चीन संबंधों का नया प्रस्थान बिंदु'

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ यह मुलाकात जयशंकर की बीजिंग में चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ बातचीत के एक दिन बाद हुई है। चीनी सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। चर्चा के दौरान, उपराष्ट्रपति हान ने कहा कि पिछले अक्टूबर में कजान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक सफल रही, जिसने चीन-भारत संबंधों में ₹एक नया प्रस्थान बिंदु₹ स्थापित किया।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# बिहार में हुआ महात्मा गांधी के परपोते का अपमान!

## हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं : तेजस्वी यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, एक नए राजनीतिक भूचाल में, महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी को कथित तौर पर अपमानित किया गया और बिहार में अपनी पदयात्रा के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में एक कार्यक्रम से बाहर जाने को कहा गया। यह घटना तुरकौलिया में ऐतिहासिक नीम के पेड़ के पास आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान हुई, जो महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा है। तुषार गांधी, जिन्होंने 12 जुलाई को पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से ₹बदलाव यात्रा₹ की शुरूआत की थी, अपनी यात्रा के तहत तुरकौलिया पहुँचे थे। स्थानीय मुखिया विनय कुमार साह ने उन्हें उस स्थल पर आने और पंचायत भवन में एक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालाँकि, कार्यक्रम के दौरान उस समय तनाव बढ़ गया जब गांधी के एक सहयोगी ने कथित तौर पर महागठबंधन के समर्थन में राजनीतिक टिप्पणी की, जिससे मुखिया नाराज हो गए।

# भारतीय सेना मानहानि मामले में राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर

## 5 मिनट बाद मिली जमानत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि के एक मामले में लखनऊ की एक अदालत ने जमानत दे दी है। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा की अध्यक्षता वाली एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें 20-20 हजार रुपये के दो मुचलके भरने पर राहत दी। यह मानहानि का मामला गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। अदालत के समन का पालन करते हुए, गांधी लखनऊ में सांसदों और विधायकों के लिए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए।

### राहुल गांधी ने क्या कहा?

यह विवाद 16 दिसंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुरू हुआ था। गलवान घाटी में हुई झड़पों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं और कोई इस बारे में सवाल तक नहीं पूछ रहा है। उन्होंने आगे कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं। हालाँकि, भारतीय सेना ने कुछ दिन पहले ही 12 दिसंबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया था कि चीनी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें कड़ा और माकूल जवाब दिया गया। बयान के अनुसार, चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा और दोनों पक्षों को केवल मामूली चोटें आईं।

### गांधी के खिलाफ मुकदमा किसने दायर किया?

गांधी की टिप्पणी के बाद, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एक अदालत में उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। गांधी ने राहत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की कथित पिटाई के बारे में गांधी के बयान से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी पिछली पाँच सुनवाइयों से अदालत में पेश नहीं हो रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त

#### दंगा-रोधी बंदूकें और आईईडी भी बरामद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने मंगलवार को पहाड़ी राज्य में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए, जो पिछले कुछ वर्षों में घातक जातीय संघर्ष का गवाह रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मणिपुर डीजीपी कार्यालय के हवाले से बताया कि संयुक्त अभियान में, बलों ने इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले के इलाकों में ग्रेनेड, आईईडी, एके सीरीज और इंसास राइफलें, पिस्तौल, दंगा-रोधी बंदूकें और एसबीबीएल जब्त किए। 3 जुलाई की रात और 4 जुलाई की सुबह, इसी तरह के एक अभियान में, मणिपुर पुलिस ने राज्य के पहाड़ी जिलों में व्यापक तलाशी अभियान के दौरान 200 से ज्यादा हथियार बरामद किए। ये छापे अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था स्थिर रहने के बीच, पुलिस ने तलाशी अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। ये अभियान मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा शुरू की गई व्यापक कार्रवाई का हिस्सा हैं। पिछले हफ़्ते, मणिपुर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ़्तार किया, जिनमें मैतेई संगठन अरम्बाई तेंगोल के छह सदस्य और एक प्रतिबंधित संगठन के तीन उग्रवादी शामिल थे। सभी गिरफ़्तारियाँ बिष्णुपुर ज़िले में की गईं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि अरम्बाई तेंगोल के छह सदस्य 9 जून को बिष्णुपुर ज़िले में बंद के दौरान राज्य पुलिसकर्मियों पर शारीरिक हमला करने में शामिल थे।

# बरेली में कराया जा रहा था बड़े स्तर पर धर्मांतरण

## 200 से ज्यादा लोगों का धर्म बदलवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



बरेली, धर्मांतरण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। कई बार इस कारण देश के खई हिस्सों में हिंसा को भड़कते देखा गया है। इस कारण कई लोगों ने अपनी जान भी गवाई है। काफी समय से पुलिस प्रसाशन की सख्ती के कारण इसमें कुछ कमी आयी थी लेकिन छोते स्तर पर लोग इसका काफी ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ताजा खबरें उत्तर प्रदेश के बरेली जिसे से आ रही हैं। जहां एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है।

बरेली जिले की फरीदपुर थाना पुलिस ने 200 से अधिक लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर उनका धर्मांतरण कराने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बरेली दक्षिणी क्षेत्र की अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंशिका वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लालजी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मऊ जिले का निवासी है। उन्होंने बताया कि लालजी के पास से जो कागजात व पुस्तकें मिली हैं, उनसे लग रहा है कि वह लोगों का धर्म परिवर्तन कर रहा था। एएसपी ने कहा कि आरोपी के संपर्कों और आर्थिक स्रोत की जानकारी के लिए पुलिस सघन जांच कर रही है और जल्द सच्चाई सामने आएगी। पुलिस के अनुसार लालजी योजनाबद्ध तरीके से अब तक 200 से अधिक लोगों का धर्मांतरण करा चुका था, जिनके नाम उसने डायरी में नोट किए थे। इसके अलावा पुलिस ने उसके कमरे से बाइबिल और चार डायरी आदि भी बरामद की है। पुलिस आरोपी के बैंक खातों और मोबाइल पर लोगों से हुई बातचीत की भी जानकारी हासिल कर रही है।

एएसपी ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार लालजी पर आरोप है कि वह हिंदू धर्म के आर्थिक रूप से कमजोर व अशिक्षित महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को रुपये, नौकरी, मकान और विवाह जैसे प्रलोभन देकर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करता था।

# पहले 5 महीनों में पटरियों पर 453 लोगों की मौत

## रेलवे ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य रेलवे ने बॉम्बे उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि 2025 के पहले पाँच महीनों में रेलवे पटरियों पर 453 लोगों की मौत हो चुकी है। बॉम्बे उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद मध्य रेलवे ने यह हलफनामा दायर किया है। वकील अनामिका मल्होत्रा के माध्यम से दायर हलफनामे में, मध्य रेलवे ने कहा कि मौतों के प्रमुख कारण अतिक्रमण, पटरी पार करना और लोकल ट्रेनों से गिरना थे। आंकड़ों से पता चला है कि 2025 में, पटरी पार करते समय 293 लोगों की मौत हुई, और चलती ट्रेन से गिरने से 150 लोगों की मौत हुई। पिछले साल, यानी 2024 में पटरी पार करते समय मरने वालों की संख्या 674 थी, जबकि ट्रेन से गिरने से 387 मौतें हुईं। 2023 में कुल 782 लोगों की मौत पटरी पार करते समय हुई, जबकि 431 लोगों की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई। यह हलफनामा अदालत के निर्देश पर दायर किया गया था। उच्च न्यायालय ने 9 जून को मुंब्रा में हुई घटना के बाद रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें एक-दूसरे के पास से गुजर रही दो लोकल ट्रेनों से आठ यात्री गिर गए थे, जिसके परिणामस्वरूप पाँच लोगों की मौत हो गई थी।

# चार इंजन वाली सरकार पूरी तरह नाकाम...

## संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी पर बोले केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चार इंजन वाली सरकार लोगों के लिए पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने लगातार दो दिनों तक शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियों के बाद दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। द्वारका के एक स्कूल और प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज को मंगलवार सुबह बम की धमकियाँ मिलीं, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और गहन तलाशी अभियान चलाया। सोमवार को भी तीन स्कूलों को इसी तरह की धमकियाँ भेजी गईं, लेकिन ये सभी झूठी निकलीं।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में ये क्या हो रहा है? कल दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली और आज एक और स्कूल और कॉलेज को धमकी मिली है। बच्चे डरे हुए हैं, अभिभावक बेहद चिंतित हैं।इखढ की चार-चार इंजन वाली सरकारें पूरी तरह से फेल हो चुकी हैं। आप की एक अन्य नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है और उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि क्या भाजपा सरकार के लिए छात्रों की सुरक्षा कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली के स्कूलों और कॉलेजों को लगातार मिल रही बम की धमकियाँ बेहद डरावनी और चिंताजनक हैं। बच्चे डरे हुए हैं, अभिभावक चिंतित हैं - भाजपा की चार इंजन वाली सरकारें सुरक्षा प्रदान करने में भी विफल रही हैं। क्या बच्चों की सुरक्षा उनके लिए कोई मायने नहीं रखती? कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। बार-बार मिल रही इन धमकियों ने शहर भर के अभिभावकों और छात्रों में चिंता पैदा कर दी है।

# नितिन गडकरी के हाथों शिवमोगा पुल के उद्घाटन कार्यक्रम से मुख्यमंत्री रहे दूर, कहा- आमंत्रित नहीं किया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 14 जुलाई को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के सागर तालुक में शरावती नदी के बैकवाटर पर निर्मित केबल-स्टेड पुल का लोकार्पण किया। यह पुल सागर तालुक के करुरु और बरंगी होबली गाँवों के लोगों की एक पुरानी आकांक्षा की पूर्ति है। ग्रामीणों ने उत्सव के मूड में पुल को आम के पत्तों से सजाया। गडकरी के साथ केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा, पूर्व मंत्री कागोडु थिम्मप्पा, शिवमोग्गा के सांसद बी.वाई. राघवेंद्र और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उद्घाटन समारोह से बनाई दूरी

इस कार्यक्रम का कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने विरोध स्वरूप बहिष्कार किया और दावा किया कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। सिद्धरमैया ने बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में दावा किया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य सरकार से परामर्श किए बिना शिवमोगा के सागरा तालुक में कार्यक्रम आयोजित किया था और बिना किसी पूर्व सूचना के निमंत्रण पत्र पर उनका नाम अंकित किया गया था। इससे पहले, गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सिद्धरमैया को 11 जुलाई को कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आधिकारिक निमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम संबंधी किसी भी संभावित चुनौती को देखते हुए 12 जुलाई को एक और पत्र भेजा गया, जिसमें डिजिटल माध्यम से उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे गए दोनों पत्र भी एक्स पर पोस्ट किए हैं।

### राज्य सरकार के किसी मंत्री ने भाग नहीं ले रहा है, दावा किया कि आमंत्रित नहीं किया गया था

हालांकि, सिद्धरमैया ने सोमवार को एक सवाल के जवाब में कहा, हममें से कोई भी भाग नहीं ले रहा है, क्योंकि मुझे आमंत्रित नहीं किया गया था। मैंने नितिन गडकरी से फोन पर बात की और उन्हें इस बारे में सूचित किया। उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम स्थगित कर देंगे। फिर मैंने उन्हें एक पत्र लिखा। संभवतः भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेताओं के दबाव डालने के कारण मुझे कुछ बताए बिना वे ऐसा कर रहे हैं। मैं नहीं जा रहा हूं।

## बेखौफ चोरों ने ई रिक्शा लोडर किया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर से बीते दिनों चोरों ने एक ई रिक्शा लोडर चोरी कर लिया। पीड़ित ई रिक्शा मालिक ने इसकी सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के बंधवा तालाब, तपोवन नगर निवासी मो. मोनिस के मुताबिक उनका ई रिक्शा लोडर ( यूपी 32 जेडएन 2158 ) यहीं जगन्नाथ के ट्यूबवेल के पास तपोवन नगर निवासी श्रीकृष्ण चलाता है। मोनिस का कहना है कि 4 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे वहीं पर ई रिक्शा लोडर खड़ी कर श्रीकृष्ण घर में खाना खाने चला गया। खाना खाकर वापस लौटा तो लोडर वहां नहीं मिला। बाद में उसने इसकी सूचना मोनिस को दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर लोडर की कई दिनों तक तलाश की, लेकिन लोडर का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद मो. मोनिस ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने में दी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे लोडर और उसे चुराने वाले का सुराग लगाने में जुट गई है।

## वन विभाग की जमीन पर प्लॉटिंग की कोशिश विभाग की सख्ती से भागे प्रॉपर्टी डीलर.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावा गांव में बीते सोमवार को अज्ञात प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश की गई गाटा संख्या 2049/2051 पर स्थित जमीन को जेसीबी मशीन द्वारा समतल कर प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही थी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्य पर आपत्ति जताई शुरू में कब्जा करने वालों ने विभाग को गुमराह करने की कोशिश की और जमीन को राजस्व विभाग की बताने लगे हालांकि जब वन रेंजर अभिषेक चौधरी ने तहकीकात कर राजस्व विभाग के लेखपाल से रिकॉर्ड की पुष्टि की तो स्पष्ट हुआ कि यह जमीन वन विभाग के नाम दर्ज है जैसे ही विभागीय कागज सामने आए, मौके पर मौजूद प्रॉपर्टी डीलर और मजदूर काम छोड़कर भाग निकले वन रेंजर अभिषेक चौधरी ने बताया कि भूमि पर अवैध कब्जे की यह गंभीर कोशिश थी और विभाग इस पर सख्त कार्रवाई करेगा

# मोहनलालगंज बस स्टॉप बना अवैध पार्किंग अड्डा यात्री बेहाल

### परिवहन विभाग को रोजाना लाखों का नुकसान.......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे का बस स्टॉप इन दिनों गंभीर अव्यवस्था और अवैध कब्जों की चपेट में है यह स्टॉप अब सार्वजनिक बसों के संचालन की बजाय निजी टैक्सियों और कारों की अनधिकृत पार्किंग स्थल बन गया है स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि रोडवेज की बसों को रुकने तक की जगह नहीं मिल रही है नतीजा यह कि सैकड़ों यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है और परिवहन विभाग को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है बस स्टॉप के चारों ओर खड़ी टैक्सी और निजी कारों की वजह से बसें या तो किनारे रुक रही हैं या फिर सीधे बिना रुके आगे निकल जा रही हैं नियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ता है और कई बार वे निजी वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हो जाते हैं इससे न केवल समय की बबार्दी होती है बल्कि यात्रियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है बसों के निर्धारित प्लेटफॉर्म तक न पहुंच पाने के कारण न तो सुचारु टिकटिंग हो पा रही है और न ही नियमित संचालन संभव है इससे परिवहन विभाग की कमाई पर प्रत्यक्ष असर पड़ रहा है विभाग के अनुसार यह नुकसान प्रतिदिन लाखों में पहुंच रहा है।

### कर्मचारी असहाय रसूखदारों का दबदबा बरकरार......

परिसर में तैनात कर्मचारी कई बार पार्क की गई गाड़ियों को हटाने की कोशिश करते हैं, लेकिन रसूखदार वाहन मालिकों के सामने वे असहाय नजर आते हैं बार-बार समझाने और चेतावनी देने के बाद भी वाहन हटाए नहीं जाते इस विषय में जब एआरएम उपनगरीय लखनऊ से बात की गई तो उन्होंने बताया हमने कई बार स्थानीय पुलिस को पत्र लिखकर बस स्टॉप की स्थिति से अवगत कराया है कार्रवाई भी होती है लेकिन कुछ ही दिनों में दोबारा वही स्थिति बन जाती है पुलिस की ढिलाई और नियमित निगरानी की कमी से पूरा परिसर दोबारा पार्किंग अड्डा बन जाता है स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए नियमित पुलिस गश्त, अवैध पार्किंग पर जुमार्ना और परिसर की बैरिकेडिंग जैसे उपायों की मांग की जा रही है ताकि बस स्टॉप की मूल व्यवस्था बहाल हो सके।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

## ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने जाना हालचाल.......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव के निवासी असफाक खां पुत्र असफाक खां बीते सोमवार की शाम अपनी ससुराल जा रहे थे तभी रास्ते में एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए देर रात किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तुरंत उन्हें संभाला और आनन-फानन में बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है हादसे की खबर मिलते ही पूर्व विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और घायल असफाक खां के स्वास्थ्य की जानकारी ली उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात वाहन चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर निगम की लापरवाही से गई युवक की जान.....

### पेड़ की छंटाई के दौरान लटकती रस्सी में फंसा बाइक सवार, मौके पर मौत....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगर निगम की लापरवाही एक युवक की दर्दनाक मौत का कारण बन गई मंगलवार दोपहर पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना सेक्टर-9 के मामा चौराहे के पास पेड़ों की छंटाई के दौरान एक बाइक सवार युवक हवा में लटक रही रस्सी में उलझ गया गला फंसने के चलते वह सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक की पहचान 27 वर्षीय अनुज कश्यप निवासी गोपालखेड़ा मोहनलालगंज के रूप में हुई है वह फ्लिपकार्ट मिनट कंपनी में कार्यरत था और रोज की तरह ड्यूटी पर जा रहा था हादसे के वक्त पेड़ की कटाई का काम चल रहा था लेकिन मौके पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था और न ही ट्रैफिक को नियंत्रित किया गया था स्थानीय लोगों के अनुसार पेड़ से बंधी रस्सी लापरवाही से सड़क के ऊपर लटक रही थी अनुज उसी में फंस गया और असंतुलित होकर गिर पड़ा घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ट्रॉमा सेंटर भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की खबर मिलते ही अनुज के घर में कोहराम मच गया मां सुमन देवी बड़े भाई सोनू, छोटे भाई दीपक और बहन गुड़िया का रो-रोकर बुरा हाल है परिवार का भरण-पोषण करने वाला अनुज ही था उसके पिता छेदालाल की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

### लोगों में आक्रोश निगम के खिलाफ नारेबाजी.....

हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है पीजीआई थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से नगर निगम कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू अवध राजू गुप्ता के प्रतिनिधि मण्डल ने सीएचसी अधीक्षक व खंड विकास अधिकारी से की मुलाकात

### (दोनों अधिकारियों की ओर से दिया गया समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन)

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन का प्रतिनिधि मंडल द्वारा क्षेत्र के दो जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर किसानों मजदूरों बूढ़े जवान माता बहनों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाई गंज के अधीक्षक मेजर डाक्टर सुरेश कुमार पाण्डेय से वार्ता हुई। उनसे मिलकर भर्ती मरीजों से मिलकर हाल चाल पूछा गया। पाया गया कि अस्पताल में ईलाज की उचित व्यवस्था देखभाल की जा रही है। अस्पताल के बाद भाकियू जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने खण्ड विकास अधिकारी मुलाकात की और उनके साथ क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर वार्ता की। समस्याएं जैसे खराब इंडिया टू मार्का हैंडपंप रिबोर मरम्मत कार्य स्ट्रीट लाईट विधवा पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन राशनकार्ड शौचालय आवास नाली खंडजा कच्चा रास्ता सी सी रोड निर्माण कार्य मुख्यमंत्री शादी योजना आदि विकास सम्बंधित समस्यायों के समाधान हेतु बातचीत की। इस वार्ता में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दस दिन का समय मांगा गया। उनकी ओर से 15 दिन में काम कराने का अवश्वन दिया गया। उधर भाकियू नेता ने बताया कि यदि दोनों जिम्मेदारों द्वारा काम न कराए जाने की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिला अध्यक्ष के अनुसार धरने का आयोजन खण्ड विकास कार्यलय के प्रांगण में होगा। ब्लाक स्तरीय दोनों अधिकारियों से मुलाकात करनेज वाले भाकियू नेता में जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम, जिला कमांडर निजी सचिव राम आसरे गौतम, जिला महामंत्री जगदीश रावत, जिला सचिव खूब चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष मिलन गोमती प्रसाद, पूर्व प्रधान महिला जिला उपाध्यक्ष जागेश्वरी प्रधानिन, महिला जिला संगठन मंत्री जगरानी गौतम, तहसील अध्यक्ष रामगोपाल रावत, तहसील प्रभारी घनश्याम रावत, ब्लाक अध्यक्ष रज्जन लाल रावत, ब्लाक उपाध्यक्ष महेश रावत, ब्लाक सचिव प्रहलाद रावत, राजबहादुर राम करन रावत, राम सुभाष रावत, बुद्धू लाल रावत, गिरीश कुमार रावत, चन्दन रावत, महादेव गौतम, राजरानी यादव, सोनिया, कमल हसन, शंकर गौतम, राम सागर रावत, आशा देवी रावत, कलावती, कौशल्या आदि लोग शामिल रहे।

# पक्की नाली व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का किया गया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। नगर निगम के सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड स्थित विष्णु लोक कॉलोनी में मंगलवार को पक्की नाली व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया। कॉलोनी में आरके मिश्रा के घर से पीआर राय के घर तक बनने वाली नाली और इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास पार्षद रामनरेश रावत ने अपनी मौजूदगी में पूजा पाठ कराते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव और समिति के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी से नारियल तुड़वाने के साथ प्रीतम सिंह से फावड़ा मरवा कर किया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि करीब 80 मीटर लंबी और 6 मीटर चौड़ी बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क व उसके किनारे पक्की नाली का निर्माण डूडा विभाग की निधि के जरिए 10 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 20-25 वर्षों से इस कच्ची सड़क में प्रायः जल भराव की समस्या बनी रहती थी। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती थी। लेकिन अब यह समस्या दूर हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल,



भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और नगर आयुक्त गौरव के सहयोग से होने जा रहा है। इस मौके पर राजेश त्रिपाठी, आनंद तिवारी, एसके शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, राम केवल मिश्रा, विशाल श्रीवास्तव, सत्य बहादुर, केएन गुप्ता, राजन गुप्ता, पीआर राय, सुरेश विक्टर और जेपी यादव सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज शोरूम का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद के तरौना में बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी ई रिक्शा शोरूम का शुभारंभ हुआ। बीते सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह, मां बाराही देवी सेवा समिति के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज के संचालक समीर सिंह (गोलू) ने बताया कि ई स्कूटी की बैटरी 4 से 6 घंटा में फूल चार्ज हो जाती है और यह जो 55 से 90 किलो मीटर का माइलेज देता है। ई स्कूटी के कई मॉडल में आती है। इसमें तीन स्पीड मोड और डिजिटल स्पीड मीटर है। इसमें लो बैट्री इंडिकेटर टेल लाइट बल्ब टर्न सिग्नल लैंप और हेडलैंप दी है। इसमें स्कूटर्स को चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और आरटीओ रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होती है। उद्घाटन के मौके पर हिंदू जागरण मंच सह संयोजक संतोष सिंह, विभाग सहमंत्री भूपेंद्र अर्कवंशी, कथा वाचक प्रपन्नाचार्य महाराज, राकेश सिंह, अमन प्रताप सिंह, शुभम गुप्ता, दुर्गेश त्रिपाठी, निर्मल सैनी, शुभम पांडेय, दुर्गेश प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# मानवता को शर्मसार करता मामला......

### डॉक्टरों की लापरवाही से मरीज का पैर कटा, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के मानस अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां गलत ऑपरेशन की वजह से एक युवक को अपना पैर गंवाना पड़ा पीड़ित परिवार ने थाना मोहनलालगंज में तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

मामला नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ी निवासी रामफेर पुत्र बरातीलाल बीते 21 जून को मोटरसाइकिल से लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिससे उनका पैर बुरी तरह से घायल हो गया था परिजन उन्हें आनन-फानन में मोहनलालगंज के निजी मानस अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन की बात कहकर 1,25,000 रुपये की मांग की परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों द्वारा जल्दबाजी में गलत ऑपरेशन कर दिया गया जिसके बाद रामफेर के पैर से लगातार खून बहता रहा और हालत बिगड़ती चली गई जब परिजन दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने खून का बहना सामान्य बताकर 50,000 लेकर दूसरा ऑपरेशन कर दिया लेकिन इस बार भी हालत नहीं सुधरी और मरीज की स्थिति और खराब होती चली गई आखिरकार परिजन मरीज को ट्रॉमा सेंटर लेकर गए जहां डॉक्टरों ने बताया कि पहले ऑपरेशन में लापरवाही हुई थी जिससे पैर की नसें और हड्डियां बुरी तरह से खराब हो चुकी हैं मजबूरीवश मरीज का पैर काटना पड़ा अब मरीज के परिजन न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही और क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं पीड़ित के भाई सुंदरलाल ने मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह को लिखित तहरीर देते हुए डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जा सके।

# सर्पदंश से 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत इलाज के अभाव में नहीं बच सकी जान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के राती ग्राम पंचायत से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है गांव के बाहर वर्षों से कुटिया बनाकर रह रहे 80 वर्षीय बुजुर्ग गुरु प्रसाद रावत की सर्पदंश से मौत हो गई।

### तीन दशक से कुटिया में रह रहे थे गुरु प्रसाद, नींद में पड़ा हाथ कैरट पर और बैठा था विषैला सर्प

घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे जब वह अपनी कुटिया में सो रहे थे उसी दौरान एक कैरट में बैठे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया बताया जा रहा है कि बुजुर्ग गुरु प्रसाद रावत बीते करीब 30 वर्षों से गांव के पास खेल मैदान के किनारे स्थित एक मंदिर के पास अपनी पत्नी रामप्यारी के साथ कुटिया बनाकर रह रहे थे रोज की तरह सोमवार रात भी वह अपनी कुटिया में



सो रहे थे उनके पास ही एक कैरट रखी थी, जिसमें एक जहरीला सर्प छुपा हुआ था जैसे ही नींद में उनका हाथ कैरट पर पड़ा सर्प ने झपटकर हाथ में डस लिया सर्पदंश के बाद भी गुरु प्रसाद ने साहस दिखाते हुए सांप को पकड़ा और उसे एक झोले में बंद कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही उनके बेटे पवन कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और पिता को निजी वाहन से लेकर महनलालगंज सीएचसी पहुंचे वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में तीन इंजेक्शन लगाए गए, लेकिन मरीज की बिगड़ती हालत देखकर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी परिजनों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें घर ले जाने का निर्णय लिया और पारंपरिक इलाज का सहारा लिया घर लौटने के बाद दूर-दराज से आए साधु-संतों ने जड़ी-बूटी से इलाज शुरू किया बंगाली बाबा को भी बुलाया गया जिन्होंने पहले पारंपरिक जड़ी-बूटी दी, फिर बीन बजाकर इलाज का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद गुरु प्रसाद की जान नहीं बचाई जा सकी ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा शोक है लोगों ने बताया कि गुरु प्रसाद रावत धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और वर्षों से गांव से अलग शांत जीवन बिता रहे थे हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

# वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी ने निगोहां प्रेस क्लब के गठन पर दी बधाई, पत्रकारों का किया सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र के वरिष्ठ युवा समाजसेवी अनमोल तिवारी ने निगोहां कस्बे स्थित क्लासिक रेस्टोरेंट में निगोहां प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की इस अवसर पर उन्होंने क्लब के जल्द गठन की बधाई दी और सभी पत्रकार बंधुओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया बैठक के दौरान अनमोल तिवारी ने पत्रकारों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की और कहा कि पत्रकारिता न केवल समाज की आवाज बनती है, बल्कि यह नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में भी अहम भूमिका निभाती है उन्होंने कहा कि निगोहां प्रेस क्लब का गठन क्षेत्र की सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों को उजागर करने में एक महत्वपूर्ण कदम है अनमोल तिवारी ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि उनका काम कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है फिर भी वे हमेशा समाज के मुद्दों को उजागर करने के लिए तत्पर रहते हैं इस सम्मान समारोह में क्लब के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी पत्रकार बंधुओं को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया बैठक में सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और सफाई की स्थिति।

अनमोल तिवारी ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील की और कहा कि समाज की प्रगति में सबका योगदान महत्वपूर्ण है इस मौके पर निगोहां प्रेस क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला, मुकेश मिश्रा सौरभ सिंह, राघवेंद्र सिंह, उमेश गुप्ता, अवनीश पांडे अनुराग तिवारी प्रशांत त्रिवेदी सुनील त्रिवेदी सुनील गुप्ता सुजीत गुप्ता आरिफ खान आरिफ मंसूरी शेर खान समाजसेवी समर यादव, हिमांशु रावत मोइन खान उमेश शर्मा करन रावत सहित क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

### थाने के गेट के सामने हुआ हादसा, पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र थाना गेट के पास तेज रफ्तार मारुति सुजुकी कार ने एक बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना बीते बीते मंगलवार की शाम के समय हुआ था पीड़ित ने सोमवार को निगोहां थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित घायल हुए अमृत लाल निवासी थाना गाजीपुर, लखनऊ पूर्वी, अपनी मोटरसाइकिल से भोजन करने के लिए होटल जा रहे थे तभी निगोहां थाना गेट के सामने पीछे से आ रही मारुति सुजुकी कार यू पी 32 एल डब्लू 3080 के अज्ञात चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीड़ित सड़क पर गिर पड़ा और कार का पहिया उसके पैर और शरीर के ऊपर से चढ़ गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। घायल को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर निगोहां पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है वही स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार व अनियंत्रित टेम्पो चालकों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन सख्ती नहीं दिखा रहा। पुलिस से मांग की जा रही है कि आरोपी चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# दबंगों ने युवक को पीटा, सिर में गंभीर चोट

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब कुछ दबंगों ने एक युवक पर सरेराह लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक पीड़ित अभिषेक सोमवार शाम किसी कार्य से लौट रहा था इसी दौरान हुलासखेड़ा गांव निवासी बीरू पुत्र सोहन, अजय पुत्र सत्यनारायण और प्रकाश पुत्र गुरु प्रसाद बाइक से पहुंचे और बिना किसी कहासुनी के उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया घटना के बाद घायल अभिषेक किसी तरह थाने पहुंचा और तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है स्थानीय लोगों के अनुसार, हमलावरों और पीड़ित के बीच कोई पूर्व विवाद नहीं था यह हमला एकतरफा और पूर्व नियोजित प्रतीत हो रहा है क्षेत्र में इस घटना को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## बंद मिली खाद की दुकान तो लाइसेंस निरस्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिना पूर्व सूचना या नोटिस चस्पा किए खाद की थोक व फुटकर दुकान बंद मिलती है तो संबंधित खाद विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे दुकानों का खाद लाइसेंस निरस्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस समय खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य तेजी से चल रहा है। यूरिया, डीएपी, एनपीके आदि किसानों को निर्धारित मूल्य और बिना असुविधा के प्राप्त हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण व छापे की कार्रवाई की जा रही है। देखने में आया है कि निरीक्षण व छापेमारी के दौरान खाद दुकानदार, दुकाने बंद कर भाग जाते हैं। इससे किसानों को असुविधा होती है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि निरीक्षण और छापेमारी के दौरान अगर खाद प्रतिष्ठान बिना पूर्व सूचना या नोटिस के बंद पाये जाएंगे तो ऐसा माना जाएगा कि दुकानदार द्वारा अनियमित बिक्री की जा रही है। इसके बाद ऐसे खाद कारोबारी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# संक्षेप

## हाइवे से गुजर रहे अभिनेता ने ढाबे पर रुककर लिया चोखा बाटी का स्वाद

उन्नाव। लखनऊ कानपुर जाते समय उन्नाव हाईवे पर स्थित शिव ढाबे पर रुके मशहूर अभिनेता आशीष विद्यार्थी। उन्होंने यहां की चोखा बाटी का स्वाद चखा और इसकी जमकर तारीफ की। अभिनेता ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने ढाबे के स्वाद और आत्मीयता की सराहना की। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ढाबे की चोखा बाटी, सरसों का तेल, चटनी और देसी घी की खुशबू ने अभिनेता को काफी प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने देशभर के अलग-अलग शहरों में खाना खाया है। लेकिन उन्नाव के इस ढाबे का स्वाद लाजवाब है। आशीष ने ढाबे के मालिक से बातचीत भी की। उन्होंने स्थानीय व्यंजनों की विविधता को लेकर उत्सुकता जताई। उन्होंने कहा कि यहां की सादगी और मिट्टी की खुशबू दिल छू गई है। उनके अनुसार छोटे-छोटे ढाबों में असली भारत का स्वाद छुपा होता है। लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं।

## पिछले 24 घंटों में कई सेंटीमीटर बढ़ा गंगा नदी का जलस्तर

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पिछले 24 घंटों में जलस्तर 16 सेंटीमीटर बढ़कर 110.950 मीटर तक पहुंच गया है। रविवार शाम 6 बजे जलस्तर 110.790 मीटर था। सोमवार सुबह 8 बजे यह 110.830 मीटर हो गया। दोपहर 2 बजे तक 110.860 मीटर और शाम 6 बजे 110.890 मीटर तक पहुंचा। मंगलवार सुबह जलस्तर 110.950 मीटर दर्ज किया गया।विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी इलाकों के बांधों से छोड़ा जा रहा पानी इस वृद्धि का प्रमुख कारण है। नरौना बांध से 62,053 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसका प्रभाव अगले एक-दो दिनों में निचले क्षेत्रों में दिख सकता है। जल आयोग ने चेतावनी दी है कि अधिक पानी छोड़े जाने पर जलस्तर और बढ़ सकता है। प्रशासन के अनुसार जलस्तर अभी खतरे के निशान से नीचे है। तटीय गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने नावों की व्यवस्था कर दी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी बढ़ा दी गई है। आपातकालीन कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अधिकारियों को नदी किनारे बसे गांवों की निगरानी का निर्देश दिया है। आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करने को कहा है। जलस्तर बढ़ने से कटान का खतरा भी बढ़ गया है।

## गैलेंडर मिस्त्री की नाक पर लगी मशीन, हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के साईपुर संगौडा गांव में एक गैलेंडर मिस्त्री काम करते समय घायल हो गया। पटेल नगर निवासी 28 वर्षीय रंजीत पुत्र सुशील गैलेंडर मिस्त्री है जो काम कर रहा था इसी दौरान उसके हाथ से मशीन फिसल गई। मशीन का पिछला हिस्सा सीधे उसकी नाक पर लग गया। इस हादसे में वह गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत सीएचसी बांगरमऊ ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जिलाधिकारी ने की पीसीपीएनडीटी की बैठक, अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के सुधार को चेताया

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी जी अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद के अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के साथ पीसीपीएनडीटी समिति की बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री जय राम सिंह ने जनपद में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति नए अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण निरस्तीकरण निलंबन सहित अन्य बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी जिलाधिकारी जी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने काह कि ऐसी तकनीकों का जिनके कारण प्रसव पूर्व स्त्रीलिंग का भ्रूण बध हो सकता है इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कहा कि जनपद के जो अल्ट्रासाउंड केंद्र अवैध/अपंजीकृत तरीके से संचालित हो रहे हैं उनपर अभियान चलाकर कार्य करें इसमे कोई भी कोताही न हो यह सुनिश्चित करें। कहा जिस डॉक्टर की तैनाती जिस केंद्र में है वह पंजीकृत डॉक्टर ही केंद्रों पर कार्य करें यह सुनिश्चित हो । कहा केंद्रों पर डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य होगी इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो । जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक टीम गठित की जाए जो की अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण करे और रिपोर्ट प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर डॉक्टर की लापरवाही को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कहा कि डॉक्टर का प्रत्येक वर्ष कार्य करने का शपथ पत्र अवश्य लिया जाए । कहा की यदि डॉक्टर अवकाश पर जाता है तो उसके एक दिन पहले मुख्य चिकित्सा धिकारी की मेल पर सूचना अवश्य देना होगा । कहा कि केंद्र पर किस समय पर डाक्टर उपस्थित रहेंगे यह अवश्य निर्धारित हो । कहा कि प्रत्येक केंद्र पर जो डॉक्टर पंजीकृत है उसकी फोटो अवश्य लगी होनी चाहिए ।कहा कि प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा लगा हो साथ ही संचालित भी हो और उसमें 45 दिन का डाटा अवश्य उपलब्ध हो । जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि किसी भी केंद्र पर प्रसव पूर्व लिंग की पहचान का कार्य ना हो इस कार्य में संलिप्त दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्सा नहीं जाएगा। पीसीपीएनडीटी के नियमों और गाइडलाइन का सभी केंद्र संचालक अवश्य पालन करेंगे दोषी पाए जाने पर कारावास और निर्धारित राशि का जुमार्ना लगाया जाएगा ।जिलाधिकारी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण प्राथमिकता के साथ अवश्य हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो और निरीक्षण में गलत पाए जाने पर कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाए ।बैठक के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयराम सिंह अउटड डॉक्टर नरेंद्र सिंह डिप्टी सीएमओ डॉक्टर मनीष सहित जनपद में कार्य कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक गण मौजूद रहे।

# समुद्र मंथन प्रसंग के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। गोकुल बाबा मंदिर परिसर में शैवाचार्य प्रशांत प्रभुजी महाराज ने श्री शिव महापुराण कथा के पहले दिन कहा कि गुरु की अवमानना या अपमान से अनेकानेक कष्टों संयोग बनता है। एक बार, दुवार्सा ऋषि ने देवराज इंद्र को श्री ( धन ) से हीन होने का श्राप दिया, जिससे देवता कमजोर हो गए और असुरों का बल बढ़ गया।

देवताओं ने भगवान विष्णु से मदद मांगी, जिन्होंने उन्हें समुद्र मंथन करके अमृत निकालने का सुझाव दिया। देवताओं ने असुरों को अमृत का लालच देकर उनके साथ मिलकर समुद्र मंथन करने के लिए राजी किया। समुद्र मंथन के लिए मंदराचल पर्वत को मथानी और वासुकी नाग को रस्सी बनाया गया. समुद्र मंथन से 14 रत्न निकले, जिनमें से एक अमृत कलश भी था। देवताओं ने अमृत को प्राप्त किया और अमर हो गए, जिससे वे असुरों को हराने में सक्षम हुए. समुद्र मंथन की कथा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह सहयोग, संघर्ष, और भाग्य के परिवर्तन जैसे विषयों पर भी प्रकाश डालती है। पूजन और आरती में सत्येंद्र सिंह, वंदना सिंह, हरि प्रसाद साहू, संतोष साहू, निशीथ निगम, राधा निगम, विक्रम सिंह, प्रिया सिंह, धीरज सिंह, सोनम सिंह, चंद्र प्रकाश बाजपेई, रंजना मिश्रा, संजय त्रिपाठी, डॉ मनीष सिंह सेंगर, राहुल कश्यप, संजीव पांडेय, जीतेन्द्र सिंह आदि ने भाग लिया। आचार्य कार्तिकेय व काशी से पधारे आचार्य मंडल का सम्मान यजमानों ने किया। संगीत मंडल द्वारा भजनों में भावविभोर होते दिखे श्रद्धालु।

# अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। नरी तिराहे के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय पुलिस बल और प्रभारी निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक को गंभीर हालत में कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया है ।पुलिस के अनुसार, दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। नरी तिराहे पर सामने से आ रहे कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सड़क पर कई मीटर तक घिसटी और दोनों युवक दूर जा गिरे। कंटेनर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। 5678 पुलिस कंटेनर की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर आवागमन सुचारु किया।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है माता रानी का दरबार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बरिगवां गांव में स्थित मां जालिपा देवी मंदिर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जा रहा है। इस कार्य पर 1.94 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मुख्यद्वार के निर्माण के कारण पुरवा-मौरावां मार्ग से जुड़ी लिंक रोड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने दुकानों के पीछे से एक वैकल्पिक मार्ग बनवाया था। जेसीबी से इसे समतल करके उपयोग योग्य बनाया गया था। लेकिन मानसूनी बारिश ने इस रास्ते को कीचड़ में बदल दिया है। अब यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ।यह मार्ग इछौली, अटेसुवा, गोडवा, लहिया, देवरी और खत्रिनखेड़ा समेत 12 गांवों के लगभग 5,000 लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। यह न सिर्फ आवागमन का मुख्य रास्ता है, बल्कि रोजगार और दही औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंचने का माध्यम भी है। मार्ग की खराब स्थिति के कारण लोगों को स्कूल, दफ्तर, अस्पताल और बाजार जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि मुख्यद्वार का निर्माण पूरा होने तक एक स्थायी वैकल्पिक रास्ता बनाया जाए। वे चाहते हैं कि प्रशासन इस अस्थायी मार्ग पर मिट्टी, मोरंग या इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करे। एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने कहा है कि लोगों की सुविधा को देखते हुए जल्द ही वैकल्पिक मार्ग को ठीक करवाया जाएगा। इससे बारिश में भी आवागमन सुचारु रहेगा। प्रशासन के आश्वासन के बावजूद, जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, ग्रामीणों की परेशानी जारी रहेगी।

# बीएसए ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, गंदगी देख जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। जिला विद्यालय निरीक्षक ने तहसील बीघापुर क्षेत्र के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरक्षण कर हकीकत जानी । कई विद्यालयों मे गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त किया। मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने तहसील बीघापुर क्षेत्र के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों एव छात्र उपस्थित रजिस्टर चेक किया । कई विद्यालयों मे नामांकन से कम छात्र उपस्थिति देख नाराजगी व्यक्त किया । विद्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दिया ।उन्होने स्वामी ईश्वररानंद इंटर कॉलेज बाबूखेडा. ,निराला इंटर कॉलेज पतारी , शिवराजबली रामशंकर इंटर कॉलेज सुमेरपुर, निहाली खेड़ा, सहित लगभग आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया ।



निरीक्षण के दौरान आर आर बी एन इण्टर कालेज भगवंतनगर मे परिसर में अमरुद व अर्जुन के पेड़ लगा कर वृक्षारोपण भी किया । निरीक्षण दौरान राजकीय इण्टर कालेज उन्नाव के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण भी उनके साथ मौजूद रहे।

# जबरन जमीन पर कब्जा करने का महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कलक्ट्रेट परिसर में हमीरपुर से आई एक दृष्टिबाधित महिला ने अधिकारियों के सामने अपनी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे और जबरन मंदिर निर्माण की शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। महिला का आरोप है कि सदर तहसील के ग्राम अगोहरा गारा स्थित उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है और अब वहां जबरन धार्मिक निर्माण कार्य कर रहे हैं। दिव्यांग महिला के अनुसार, वह गाटा संख्या 833, 834 और 835 में करीब 100 वर्गगज भूमि की मालकिन है। खतौनी में यह भूमि ₹नवीन परती₹ के नाम दर्ज है। पीड़िता का कहना है कि उक्त भूमि पर ग्राम प्रधान के पति रमेश, हृदय नारायण, चंद्रपाल और राहुल (पुत्र भगवानदीन) समेत कुछ अन्य लोगों ने मिलकर कब्जा कर लिया है। जबरन मंदिर बनवा रहे इन लोगों ने पहले जमीन पर अवैध कब्जा किया और अब उस पर जबरन मंदिर निर्माण शुरू करवा दिया है। महिला ने बताया कि वह जन्म से दृष्टिबाधित है और अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष नहीं रख सकती, इसलिए अब तक उसने कई बार अपने भाईधनश्याम सिंह के माध्यम से मामले की शिकायत की है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है। निष्पक्ष जांच कराने की मांग पीड़िता ने डीएम से मुलाकात कर मांग की कि उसकी पुश्तैनी भूमि की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। फर्जी दस्तावेजों को खारिज किया जाए और जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय प्रभावशाली लोग उसके दिव्यांग होने का फायदा उठा रहे हैं और उसे न्याय से वंचित रखने की कोशिश कर रहे हैं।

# आन लाइन डिलेवरी करने वाले युवकों ने की हड़ताल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ऑनलाइन ग्रोसरी डिलीवरी कंपनी ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉयज ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। कलेक्ट्रेट गंज फाटक के पास स्थित कंपनी ऑफिस के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। डिलीवरी कर्मियों का कहना है कि पहले 12 घंटे की शिफ्ट थी। इससे शनिवार और रविवार को अच्छा पे आउट मिल जाता था। अब कंपनी ने डिलीवरी का समय बढ़ाकर 24 घंटे कर दिया है। काम का बोझ बढ़ा है, लेकिन मेहनताना नहीं बढ़ा। कर्मचारियों ने बताया कि कई पुराने कर्मियों की आईडी बिना सूचना के बंद कर दी गई है। डिलीवरी बॉय राजू ने कहा कि पहले एक दिन में 400-500 रुपये कमा लेते थे। अब इतना भी नहीं कमा पाते। पेट्रोल, मोबाइल और सर्विस का खर्च भी उन्हें ही उठाना पड़ता है ।सैफ इलाही ने बताया कि सप्ताहांत में ऑर्डर ज्यादा आते हैं। इससे कमाई अच्छी होती है। लेकिन बाकी दिनों में मेहनत के मुकाबले आमदनी बहुत कम होती है।



कर्मचारियों की मांग है कि पे आउट रेट बढ़ाया जाए। आईडी बंद करने की नीति में पारदर्शिता लाई जाए। शिफ्ट की समयसीमा को व्यावहारिक बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# लेखपाल की मौत पर राजस्व कर्मियों में रोष

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हापुड़ जनपद में जिला अधिकारी के कथित दमनात्मक व्यवहार और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के चलते लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश के राजस्व कर्मियों में रोष व्याप्त है। उन्नाव जनपद में लेखपाल संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और मृतक आश्रित को न्याय दिलाने की मांग की है ।, जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार द्वारा जारी ने बताया कि हापुड़ में जिला अधिकारी द्वारा बिना उचित जांच के झूठी शिकायतों के आधार पर लेखपाल सुभाष मीणा पर कार्रवाई की गई थी। लगातार अपमानजनक और दबावपूर्ण वातावरण के कारण वह मानसिक तनाव में आ गए और उनकी हृदयविदारक मृत्यु हो गई। इस घटना ने प्रदेशभर के लेखपालों को झकझोर दियासंघ का कहना है कि अधिकारियों की सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर लोकप्रियता की होड़ के चलते अधीनस्थ कर्मचारियों को बैठक, चौपाल या समाधान दिवस में सार्वजनिक रूप से अपमानित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह प्रवृत्ति न केवल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती है बल्कि शासकीय कार्यों की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। लेखपाल संघ ने चार प्रमुख मांगें रखी हैंः 1. मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाए। 2. मृतक आश्रित को योग्यता के अनुसार सरकारी सेवा में तत्काल नियुक्त किया जाए। 3. मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। 4. अधीनस्थों से मानवीय और सम्मानजनक व्यवहार के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए और सभी स्तरों पर कर्मचारी संगठनों के साथ नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं।

# पुलिस विभाग में किया गया फेर बदल, एक इंस्पेक्टर समेत 13 दरोगा इधर से उधर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बीती रात पुलिस विभाग में व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इंस्पेक्टर ब्रजेश शुक्ला को अनावरण एवं विवेचना शाखा से साइबर थाना प्रभारी बनाया गया है। दरोगा सतीश चंद्र द्विवेदी को गंजमुरादाबाद चौकी का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। अजय कुमार यादव को कस्बा बांगरमऊ चौकी का प्रभारी बनाया गया है। राजीव भदौरिया को कस्बा चौकी से कुरसठ चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। ऋषि कपूर को गंजमुरादाबाद से नेवारना चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। राजेपुर फतेहपुर चौरासी चौकी के योगेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस लाइन हाजिर किया गया है ।पुरुषोत्तम दास को बारासगवर से निवाई चौकी का प्रभारी बनाया गया है। न्यूटन सिंह को राजेपुर चौकी का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। रवि शंकर मिश्र को ललाऊखेड़ा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। साजेश सिंह को थाना औरास से बारासगवर भेजा गया है। अशोक कुमार का तबादला मौरावां से असोहा किया गया है। इशरत हुसैन को हसनगंज से दही थाने में नियुक्त किया गया है। धर्मवीर सिंह को हसनगंज से न्यायालय सुरक्षा शाखा में भेजा गया है।

# मार्ग दुर्घटना में मृतक मां बेटे का शव घर पहुंचते ही मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार





फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव शकूराबाद निवासी अशोक कुमार का परिवार शनिवार को राजस्थान में खाटू श्याम और बाला जी के दर्शन करने अपनी कार से गया था जिसमें छः लोग और एक बच्ची सवार थे। कार सवार लोगों में अशोक कुमार की पत्नी सरलेश उसका पुत्र पच्चीस वर्षीय पुत्र शिवम, तथा शिवम की पत्नी सोनम उसकी बेटी डेढ़ वर्षीय ऋषिका उर्फ रिशू, साली मोनी उर्फ मोना एवं चचेरा भाई शोभित और शोभित की मां रानी बैठे थे। दर्शन करके रविवार रात वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। भोर पहर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र के अन्तर्गत अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसे शिवम चला रहा था। कार पलटने से कार में सवार सभी लोग गम्भीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए शिकोहाबाद भेजा गया जहां से मेडिकल कालेज फिरोजाबाद रेफर किया गया वहां इलाज के दौरान शिवम और उसकी मां सरलेश की मौत हो गई और अन्य घायलों का इलाज किया गया। दुर्घटना में पत्नी और बेटे की मौत तथा अन्य के घायल होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन तुरन्त घटना स्थल के लिए रवाना हो गए और वहां से सोमवार देर रात दोनों शवों को लेकर जैसे ही गांव पहुंचे तो गांव के लोगों का मजमा लग गया। परिजनों ने मंगलवार को नानामऊ घाट पर मां बेटे के शवों का अन्तिम संस्कार कर दिया। उधर घायलों का इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है। अब घर की ज़िम्मेदारी अशोक पर आ जाने से वह परेशान है।

# मानसूनी बरसात से तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मानसूनी बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है। शुक्लागंज क्षेत्र के अहमदनगर, बालूघाट, ब्रह्मनगर और रविदास नगर में सोमवार देर रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार रात से शुरू हुई बारिश मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर जारी रही। मौसम विभाग के आपदा प्रबंधन अधिकारी भवानी प्रसाद के अनुसार, यह बारिश मानसूनी गतिविधियों का हिस्सा है। आगामी 48 से 72 घंटों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। ब्रह्मनगर, बालूघाट व अहमदनगर में तेज हवा से बिजली लाइनें प्रभावित हुईं। बिजली विभाग ने सुरक्षा के लिए कई स्थानों पर आपूर्ति रोकी। मौसम शांत होते ही आपूर्ति बहाल कर दी गई। कृषि अधिकारी शशांक यादव के अनुसार, यह बारिश खरीफ फसलों के लिए लाभदायक है। किसानों द्वारा तैयार की गई धान की नर्सरी को रोपाई के लिए पर्याप्त नमी मिल रही है। इससे उत्पादन में वृद्धि की संभावना है। किसानों से बारिश के पानी का अधिकतम उपयोग और जल संरक्षण की अपील की गई है।

# विद्युत विभाग मेगा कैंप का करेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। उपखंड अधिकारी ए0एच0 अंसारी एवं अवर अभियंता निशांत यादव द्वारा बताया गया है कि उ0 प्र0 पाकालि द्वारा सभी वितरण खंडों में सम्मानित बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 17 जुलाई से 19 जुलाई 2025 में मेगा कैंपों का आयोजन किया जाएगा इसी तारतम्य में मौरावां उपखंड के अंतर्गत मेगा कैम्प का आयोजन 10:00 बजे से 5:00 बजे तक किया जाएगा। उपभोक्ता मेगा कैम्प में आकर नए कनेक्शन, बिल संशोधन, भार वृद्धि, विद्या परिवर्तन, मीटर संबंधी आदि शिकायत का समाधान पा सकते हैं।

**बिहार में इस वर्ष नवंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। अभी चुनाव आयोग ने डेट का ऐलान नहीं किया है, लेकिन बिहार में रैलियों, जनसभाओं और बयानों से चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मतदाता सूची का पुनरीक्षण चल रहा है, जो अभी हॉट मुद्दा है। इस मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। एनडीए केवल संगठन ही नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंच बढ़ा रहा है। नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ा कर 1100 रुपये प्रतिमाह किया है, राजद ने 1500 करने का वादा किया है। नीतीश सरकार ने राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने का ऐलान किया है, रोजगार पर ध्यान देने के लिए बिहार राज्य युवा आयोग का बठन किया है, बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू किया है। इस बार का चुनाव एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज के सुधारवादी दृष्टिकोण के बीच त्रिकोणीय है। आजकल के ताजा अंक में पेश है एक विश्लेषण...**

# बिहार के रण में त्रिकोणीय बिसात



**विश्लेषण**

विनोद पाठक

वरिष्ठ पत्रकार

**बिहार में इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडी गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोकमत पार्टी ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। साफ है कि जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलने वाला है।**

बिहार की सियासी सरगर्मी धीरे-धीरे तेज होने लगी है। इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। हालांकि, जब तक चिराग पासवान अपना रुख स्पष्ट नहीं करते, तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। दूसरी ओर, महागठबंधन में सीटों को लेकर चर्चा होनी बाकी है। कुल मिलाकर बिहार में इस बार बेहद रोचक मुकाबला दिखने की उम्मीद है। बात की शुरुआत एनडीए से करते हैं। एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का जो प्रारूप सामने आया है, उसके अनुसार जद (यू) को 102–103, भाजपा को 101–102, लोजपा (रामविलास) को 25–28, हम (से.) को 6–7 और आरएलएम को 4–5 सीटें मिल सकती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए 220 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाएगा। जद (यू) और भाजपा, दोनों ने बूथ से लेकर जिला स्तर तक समन्वय समितियां बनाने का निर्देश जारी किया है। सत्ताधारी एनडीए पर अधिक दबाव है।

## महिला वोटरों को लुभाने में जुटे नीतीश

एनडीए केवल संगठन नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंचने की तैयारी में है। नीतीश सरकार ने बीते कुछ सप्ताहों में एक के बाद एक कई घोषणाएं कर वोटरों को सीधे साधने का प्रयास किया है। उनकी नजर विशेष रूप से महिला वोटरों पर है। योजनाओं में सबसे प्रमुख 1.11 करोड़ बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग लाभार्थियों को 1100 रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सीधे बैंक खाते में भेजना है। यह पहले मात्र 400 रुपये थी। महिला वोटरों को लुभाने के लिए राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने की योजना को हरी झंडी मिल चुकी है। युवाओं के लिए सरकार ने 'बिहार राज्य युवा आयोग' का गठन किया है, जो 18–45 वर्ष के आयु वर्ग के लिए नीतिगत सलाह, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर काम करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई अवसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

यही कारण है कि उन्होंने बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू कर दिया है। नीतीश सरकार ने स्पष्ट किया है कि गैर-बिहारी महिलाएं सामान्य श्रेणी में आवेदन करेंगी। इस निर्णय से 53 हजार से अधिक महिलाओं को स्थायी सरकारी नौकरी मिलेगी। एनडीए पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। सरकार की कल्याण योजनाओं को प्रचारित करने के लिए हर पंचायत स्तर पर बूथ प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं योजनाओं की निगरानी कर रहे हैं और हर कार्यक्रम में विकास कार्यों को सामने रख रहे हैं। बिहार में लड़ाई अब घोषणाओं बनाम भरोसे की लड़ाई बनने जा रही है।



## महागठबंधन ने भी कसी कमर

जहां तक महागठबंधन की बात है, तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विपक्ष ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामदल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सहित सात दलों के इस महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को अपना समन्वयक घोषित कर दिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री पद का चेहरा अभी औपचारिक रूप से तय नहीं किया गया, लेकिन अधिकांश घटक दलों की सहमति तेजस्वी यादव के नाम पर दिख रही है। चर्चा यही है कि चुनाव में महागठबंधन, एनडीए के खिलाफ 'तेजस्वी क्रांति 2025–30' नारे के साथ मैदान में उतरेगा। महागठबंधन की रणनीति सामाजिक न्याय, क्षेत्रीय स्वाभिमान और जनकल्याणकारी वादों के सहारे सत्ता में वापसी की है। हालांकि, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी मनमुटाव की स्थिति है।

जहां कांग्रेस 40–45 सीटें मांग रही है, वहीं वीआईपी के मुकेश सहनी ने 60 सीटों की जोरदार दावेदारी कर दी है। इससे सीटों के संतुलन को साधने में राजद की भूमिका चुनौतीपूर्ण बन गई है। वैसे, राजद नेताओं का कहना है कि महागठबंधन में कोई दरार नहीं है। जल्द ही सभी मुद्दों पर सहमति बना ली जाएगी। महागठबंधन ने भी जनता को लुभाने के लिए कई बड़े वादे किए हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले दिनों घोषणा की कि महागठबंधन सरकार बनने पर हर परिवार को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। कांग्रेस ने घोषणा की कि महागठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने की घोषणा

महागठबंधन ने वृद्धावस्था पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1,500 करने की बात कही है। हालांकि, नीतीश कुमार ने पहले ही इसमें वृद्धि कर दी है। मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए तेजस्वी यादव वक्फ कानून को बिहार में समाप्त करने की घोषणा कर चुके हैं। महागठबंधन नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर एकसाथ निशाना साध रहा है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने अपने चुनावी अभियान को 'बिहारी स्वाभिमान बनाम दिल्ली का दबाव' बनाने की कोशिश की है। दोनों नेताओं ने हाल में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए पटना में 'चक्का जाम' व सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था। राजद की यह रणनीति केंद्र के खिलाफ राज्यीय अधिकारों की बहस को पुनर्जीवित करने का प्रयास भी है।

## चिराग पासवान की असमंजस वाली स्थिति

केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान को लेकर एनडीए में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर चिराग स्वयं को मोदी का हनुमान कहते हैं तो दूसरी ओर बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर देते हैं। इससे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए के भीतर नया सियासी दबाव खड़ा कर दिया है। हालांकि, चिराग पासवान सफाई देते हैं कि यह निर्णय 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' अभियान के तहत लिया गया है, जो उनकी पार्टी का वैचारिक और विकासोन्मुख एजेंडा है। वो यह कहकर एनडीए में दबाव बना रहे हैं कि यदि उन्हें एनडीए में सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं मिली तो अकेले चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। पिछले चुनाव की बात की जाए तो चिराग पासवान ने ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। तब भी वो एनडीए का हिस्सा थे, लेकिन जद (यू) के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिए थे। परिणामस्वरूप नीतीश कुमार की जद (यू) को भारी नुकसान उठाना पड़ा था और उसकी सीटें घटकर 43 रह गई थीं। संभवतः चिराग पासवान उसी 'दबाव नीति' को दोहरा रहे हैं। चिराग पासवान की रणनीति को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तंज कसते हुए कह चुके हैं कि जो लोग केंद्र में मंत्री हैं, उन्हें अब विधानसभा की राजनीति में कूदने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, भाजपा डैमेज कंट्रोल में लगी है। पार्टी मुद्दे को यह कहकर साध रही है कि सभी सहयोगी दलों से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। अब आने वाले समय में पता चलेगा कि नीतीश व चिराग के बीच धुरी बनी भाजपा एनडीए में सीटों का तालमेल कैसे बिठाती है, जिससे सभी घटक संतुष्ट हों।

## प्रशांत किशोर की सियासी एंट्री

एनडीए और महागठबंधन से हटकर बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज तीसरी ताकत बनती दिख रही है। प्रशांत किशोर पहले ही सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, यानी बिहार की राजनीति में अब दो ध्रुव नहीं रहे हैं। नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार से लेकर ममता बनर्जी और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार रह चुके प्रशांत किशोर लंबे समय से बिहार में सक्रियता बनाए हुए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के संगठन को गांव-गांव तक फैलाया है। 'बिहार बदलाव यात्रा' के जरिए जनता से सीधे जुड़ाव कायम किया है। उनकी पार्टी न केवल चर्चा में है, बल्कि युवाओं, मध्यवर्ग और शिक्षित मतदाताओं के बीच एक संभावित विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रशांत किशोर की रणनीति स्पष्ट है, जातिवाद और वंशवाद के खिलाफ खड़ा होना, बिहार को एक नई राजनीतिक दिशा देना। जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता से महागठबंधन और एनडीए, दोनों में हलचल दिखाई देती है। प्रशांत किशोर नरेंद्र मोदी से लेकर लालू प्रसाद यादव व नीतीश कुमार तक निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस को तो उन्होंने लालू यादव की पिछलग्गू तक करार दिया है। बिहार की राजनीति पर नजर रख रहे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जन सुराज चुनाव को त्रिकोणीय बना सकता है, जिससे कई सीटों पर समीकरण बदलेंगे। यदि जन सुराज 5 से 10 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त कर लेती है तो वह 60–80 सीटों के परिणामों को प्रभावित कर सकता है। वैसे, जन सुराज के लिए यह पहला विधानसभा चुनाव है, लेकिन पिछले दिनों हुए उप चुनावों में उसने अपनी झलक दिखलाई थी। जन सुराज को उप चुनाव में इमामगंज सीट पर 37 हजार और बेलागंज सीट पर 17 हजार से अधिक वोट मिले थे। स्पष्ट है कि पार्टी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पार्टी सोशल मीडिया और ग्राउंड वर्क के जरिए तेजी से युवाओं को जोड़ रही है। यह स्पष्ट है कि जन सुराज का मुख्यमंत्री चेहरा प्रशांत किशोर ही होंगे।

## जनाधार के समीकरण भी महत्वपूर्ण

एनडीए मोदी-नीतीश की जोड़ी को विकास से जोड़ती है और डबल इंजन सरकार में राज्य के बहुमुखी विकास का दावा करती है। नीतीश कुमार विगत 20 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं। मतदाताओं पर इस जोड़ी का असर दिखता भी है। जहां भाजपा की अच्छी पकड़ सवर्ण मतदाताओं के साथ मध्यवर्ग पर है, वहीं नीतीश कुमार पिछड़ों और अति पिछड़ों का साधते हैं। यदि चिराग एनडीए का हिस्सा बने रहते हैं तो दलित वोटों का बड़ा हिस्सा उनके पक्ष में आ जाएगा। हालांकि, तेजस्वी यादव के यादव-मुस्लिम समीकरण को नकारा नहीं जा सकता है। वैसे, राजद को असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम से असुरक्षा भी महसूस हो रही है। यदि ओवैसी बिहार के रण में उतरते हैं तो वो महागठबंधन को कई सीटों पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलने वाला है।

# मुद्दों के साथ समीकरण को धार दे रहा राजग



**विस चुनाव**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार चुनाव के लिए तारीखों का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन सूबे में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव है। सियासी दांव और जनता की उम्मीदें टकराने वाली हैं। 13.07 करोड़ की आबादी और जातिगत समीकरणों की गहरी जड़ों के साथ, बिहार राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के लिए एक अहम रणक्षेत्र बना हुआ है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसमें जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) शामिल हैं, उसे तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन और प्रशांत किशोर की नई जन सुराज पार्टी से कड़ा मुकाबला मिल रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बड़ा चुनाव होने के नाते, यह मतदान बिहार की सियासत और इसके लोगों के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। बहरहाल,चुनावी मौसम को देखते हुए सभी दल और गठबंधन तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे और गठबंधन के चेहरे को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कहा जा रहा है कि कुछ फॉर्मूले तय भी हो गए हैं। वहीं सूबे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की अगुवाई कर रहा जनता दल भी एक्टिव मोड में है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साथ गठबंधन में बीजेपी बिहार में सत्ता बरकरार रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बीजेपी ने एक बार फिर से स्पष्ट किया है कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## सीट बंटवारे को लेकर चर्चा गर्म

बीजेपी पहले ही कह चुकी है कि एनडीए के पांच दल (बीजेपी, जेडीयू, लोजपा (रामविलास), हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा) एकजुट होकर 'चुनाव लड़ेंगे। इन सबके बीच बात सीट बंटवारे को लेकर भी हो रही है। एनडीए में शामिल करीब-करीब सभी पार्टियों ने अपनी डिमांड बीजेपी और जेडीयू जैसे बड़े दलों को बता दी है। हालांकि, सीट शेयरिंग को लेकर आधिकारिक बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है। लेकिन एनडीए में इस बार सीट शेयरिंग की गुत्थी कुछ ज्यादा पेचीदा है क्योंकि चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी भी इस बार एनडीए का हिस्सा है, जबकि पिछले विधानसभा में उसने अलग चुनाव लड़ा था। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव से इस बार में एनडीए का स्वरूप बदला है। वीआईपी अब एनडीए की जगह महागठबंधन का हिस्सा है और चिराग पासवान की पार्टी एनडीए में है। जाहिर तौर पर सीट शेयरिंग में बीजेपी और जेडीयू दोनों की सीटें कम होंगी। इसे लेकर खींचतान है कि किस पार्टी की कितनी सीटें कम होंगी।

## चिराग पासवान बड़ा पेंच

जीतन मांझी 35 सीटों की मांग कर रहे हैं, हालांकि उन्हें भी मालूम है कि इतनी सीटें उन्हें नहीं मिलनी। लेकिन यह अपनी पहले की सीटें बचाने की कवायद है ताकि उनके कोटे की सीटें कम ना हों। वहीं दूसरी तरफ एनडीए में चिराग पासवान की वजह से बहुत बड़ा पेंच फंसा हुआ है। क्योंकि उन्होंने सभी 243 सीटों पर तैयारी करने की बात कही है। चिराग पासवान को जो सीटें दी जाएंगी तो वो किसके कोटे से जाएंगी। इस पर भी कोई



कुछ नहीं कह रहा है। बहरहाल, चिराग पासवान एक तरफ चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे हैं। दूसरी तरफ, वे उन जगहों पर जा रहे हैं जहां बीजेपी मजबूत है। लेकिन उनकी अपनी पार्टी का कोई खास जनाधार नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि चिराग पासवान आखिर चाहते क्या हैं? बिहार की राजनीति में जाति एक महत्वपूर्ण कारक है और बीजेपी ने इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति तैयार की है। यदि देखा जाए तो जातीय जनगणना को लेकर भी बीजेपी ने बड़ा दांव खेला है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के फैसले को बीजेपी अपनी रणनीति का हिस्सा मान रही है। यह कदम विपक्ष के 'संविधान विरोधी' नैरेटिव को कमजोर करने और नए जातीय समूहों को अपने पक्ष में लाने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा बीजेपी अपनी परंपरागत हिंदुत्व की विचारधारा को भी मजबूत कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर'जैसे अभियानों के जरिए पार्टी ने हिंदू मतदाताओं में सकारात्मक माहौल बनाया है। इसके साथ ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक मशीनरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ उठाने की रणनीति बनाई गई है। संघ प्रमुख लगातार बिहार में कई बार प्रवास कर चुके हैं। साफ है कि बिहार का चुनाव बीजेपी हर हाल में जितना चाहती है क्योंकि बिहार के चुनाव का असर उसके बाद होने वाले बंगाल और उत्तर प्रदेश पर भी पड़ेगा। खैर,अब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और बीजेपी के सामने एक सवाल यह भी है कि वह नीतीश के साथ कैसे आगे बढ़ेगी। नीतीश की उम्र और सेहत को लेकर अटकलें लग रही हैं, लेकिन उनकी सियासी चालबाजी अभी भी उन्हें बिहार का किंगमेकर बनाए हुए है। बीजेपी ने हाल ही में नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, मगर पार्टी के भीतर कुछ नेता बिहार में अपनी सरकार चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयानों से भी संकेत मिले हैं कि बीजेपी नीतीश पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहती। लेकिन नीतीश की सियासी चालें अभी खत्म नहीं हुई हैं। अगर बीजेपी उन पर दबाव बनाती है तो वे फिर से महागठबंधन की ओर जा सकते हैं। लालू यादव ने हाल ही में कहा था कि नीतीश के लिए दरवाजे खुले हैं। दूसरी ओर, बीजेपी नीतीश को साथ रखकर 2025 में जीत की राह आसान करना चाहती है, लेकिन बाद में अपनी शर्तों पर सत्ता चलाने की कोशिश कर सकती है। बिहार की जनता भी नीतीश के इस 'पलटीमार' रवैये से परिचित है, मगर उनकी लोकप्रियता अभी बरकरार है। ऐसे में बीजेपी को नीतीश के साथ संतुलन बनाना होगा वरना 2020 का 'धोखा' इस बार भारी पड़ सकता है।

## दोधारी तलवार बने नीतीश

यूं कहें कि नीतीश कुमार बीजेपी के लिए एक दोधारी तलवार बन गए हैं। उनके पास 14-15 फीसदी वोट बैंक है, जो बिहार में किसी भी गठबंधन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। बीजेपी भले ही अकेले 160-170 सीटों पर चुनाव लड़ने का सपना देखे, लेकिन नीतीश का साथ छोड़ना आसान नहीं। केंद्र में नीतीश की पार्टी के 12 सांसद मोदी सरकार के लिए बैसाखी का काम कर रहे हैं। ऐसे में बीजेपी न तो नीतीश को नाराज करना चाहती है और न ही उनकी बीमारी को नजरअंदाज कर सकती है।

बहरहाल, 2025 का चुनाव बिहार के भविष्य की परीक्षा है। एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज का सुधारवादी दृष्टिकोण टकराएंगे। एनडीए की जीत बीजेपी और नीतीश की प्रासंगिकता को मजबूत करेगी,जबकि महागठबंधन की जीत इंडिया गठबंधन को बल देगी। जन सुराज,भले ही सीमित सफलता पाए,भविष्य की राजनीति को प्रभावित कर सकती है। बिहार के 13.07 करोड़ लोग इस मतपत्र से तय करेंगे कि वे स्थिरता चाहते हैं, या रेवड़ियां चाहते हैं या नई दिशा।

# 'दम' दिखाने को तैयार महागठबंधन



**बिहार का रण**

सुशील देव

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर दो प्रमुख घटक में इस बार कड़ी टक्कर होने वाली है। यह घटक दल हैं- महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन। महागठबंधन 2.0 एक विपक्षी गठबंधन है जो भारतीय जनता पार्टी और राजग के खिलाफ खड़ा है। दोनों गठबंधन में कई प्रमुख क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय दल शामिल हैं, इसलिए अबकी बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। दिलचस्प इसलिए भी कि भाजपा समर्थित नीतीश कुमार सरकार की पुनर्वापसी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं की रणनीति अपना रंग दिखाने लगी है। परंतु यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार के नेतृत्व के सवाल पर राजग गठबंधन में भी बहुत बखेड़ा खड़ा होने वाला है। राजनीतिक पंडित उनके दावेदारों की वजह से यह गुना-गणित समझा रहे हैं।

मगर महागठबंधन की बात करें तो उनके सभी दल ताल ठोक कर मैदान में दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। रही बात महागठबंधन की ताकत की तो उसके पास अभी प्रमुख दलों में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, सीपीआई-एमएल, सीपीआई, सीपीएम और वीआईपी प्रमुख दल हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी बिहार के लिए अभी नई है। यह संभावित सहयोगी हो सकती है, मगर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है।

## एम-वाई समीकरण मजबूत

अगर हम ताकत की बात करें तो राजद का एम-वाई समीकरण काफी मजबूत नजर आ रहा है यानी मुस्लिम और यादवों का वोट बैंक फिलहाल किसी अन्य समीकरणों के झांसे में नहीं आने वाला है। वीआईपी और वाम दलों के समर्थनों से पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित वर्गों को जोड़ने की लगातार कोशिशें भी जारी हैं, जबकि कांग्रेस के कारण सवर्ण और अल्पसंख्यक वर्गों में भी खासा प्रभाव देखा जा रहा है। महागठबंधन की ताकत और कमजोरी को समझने के लिए राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक, तीनों स्तरों पर विश्लेषण जरूरी है।

इस गठबंधन का नेतृत्व निश्चित तौर पर बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम, युवा एवं आक्रामक नेता तेजस्वी यादव की तरफ आ जाता है, जो न केवल युवाओं के रोजगार बल्कि जनता के मुद्दों, महंगाई और भ्रष्टाचार पर लगातार चोट करके मतदाताओं के दिलों में अपनी जगह बना रहे हैं। वहीं, अपने पिता लालू यादव के सामाजिक न्याय वाली विचारधाराओं से भी ओतप्रोत दिखाई देते हैं। तेजस्वी की ज़मीनी पकड़ और सोशल मीडिया में उपस्थिति भी अच्छी है।

## तेजस्वी की लोकप्रियता बढ़ी

इन तमाम वजहों से तेजस्वी की लोकप्रियता भावी मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में भी बढ़ी है। हालिया सर्वे में तेजस्वी नीतीश कुमार से भी आगे बताए जा रहे हैं। जहां तक बात सहयोगी दलों की एकजुटता और उनकी अपनी ताकत का सवाल है, महागठबंधन हाल ही में बिहार बंद प्रदर्शन और वोटर लिस्ट के मुद्दे पर जनता को यह मैसेज देने



में सफल रहा है कि सरकार या सरकार से जुड़े सहयोगी दलों ने मिलकर कुछ असामान्य करने की कोशिश की है। बड़ी बात तो यह है कि राजद ने प्रमुख दल होने और बिहार विधानसभा में विपक्ष में होने के कारण नीतीश सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष को हवा देने का सफल प्रयास किया है। उनके साथ स्थानीय स्तर पर वामदलों की स्थिति भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और मजदूरों के बीच वामपंथी दल खासा पकड़ रखते हैं। साथ ही, इनके कैडर कार्यकर्ता चुनाव में अपनी मजबूत भूमिकाएं निभाते हैं। जहां तक महागठबंधन की चुनावी तैयारियों का सवाल है, वह अभी तक बिल्कुल सही दिशा में जा रही है। बीते 9 जुलाई को महागठबंधन ने बिहार बंद और चक्काजाम का आयोजन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव ने मिलकर व्यापक रूप से वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया, विरोध जताया। इस बंद को महागठबंधन की एकता और जन जागरण की ताकत के संकेत के तौर पर देखा गया। मगर, वहीं महागठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर नाराजगी अभी थमी नहीं है। सीटों के अंतिम बंटवारे को लेकर गठबंधन के अंदर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। ज्ञात हो कि राजद को पूर्वी चंपारण से लगभग 200 मुस्लिम कार्यकर्ता जदयू में चले जाने से गहरा धक्का लगा है, जिससे महागठबंधन की एकता पर भी सवाल खड़ा हो गया है। राजग के कार्यकर्ता की जदयू में पलायन से संगठन की आंतरिक मजबूती प्रभावित हो सकती है। यहां यह भी बता दें कि सीटों के बंटवारे को लेकर पहले भी विवाद रहा है।

2020 में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन को लेकर यह विवाद रहा था। आज भी कांग्रेस का ज़मीनी ढांचा कमजोर है। कांग्रेस की अंतर्कलह की वजह से महागठबंधन की रणनीति प्रभावित हो सकती है। यह भी डर है कि राजद के पुराने कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं या निष्क्रिय हो रहे हैं। मुकेश सहनी का दल वीआईपी का इधर-उधर जाना, भरोसे को कमजोर करता है। कुछ अन्य पार्टियां यदि अकेले चुनाव लड़ती हैं तो महागठबंधन के लिए यह वोटकटवा फैक्टर साबित होगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भाजपा या राजग गठबंधन की तुलना में राजद गठबंधन आर्थिक रूप से कमजोर है। मीडिया में भी महागठबंधन की पकड़ ज्यादा मजबूत नहीं है। ऐसे में महागठबंधन के प्रमुख घटक दल कितना कुछ कर पाएंगे, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। मगर महागठबंधन चुनावी तैयारी में सक्रिय है। लगातार बैठकें, आंदोलन और प्रचार दर प्रचार के दौर चल रहे हैं। असली स्थिति महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## घटक दल रणनीति बनाने में जुटे

कुल मिलाकर बिहार की राजनीति में महागठबंधन एक बार फिर पूरे तेवर में नजर आ रहा है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर चुनावी समर में कमर कसकर उतर चुका है। घटक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, और शिक्षा जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर महागठबंधन सरकार पर हमलावर है। हाल ही में हुए बिहार बंद और प्रदर्शन से गठबंधन ने सड़क से सदन तक अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। मुस्लिम, यादव, दलित और अति पिछड़ा वर्ग में गठबंधन की पकड़ मजबूत मानी जा रही है। इसी समीकरण से सबको साधने में लगा है। वहीं सीपीआई-एमएल जैसे वामदल ग्रामीण क्षेत्रों में कैडर आधारित समर्थन जुटा रहे हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं, फिर भी जनता से जुड़े मुद्दों और तेजस्वी की लोकप्रियता के बल पर महागठबंधन ताल ठोक कर मैदान में उतरने को तैयार है और सत्ता की कुंजी पाने के लिए बेताब है। हालांकि सत्ता का फैसला बिहार की जनता के हाथ में है।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठायें कृषकः उप निदेशक कृषि

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत खरीफ 2025-26 हेतु धान, मक्का एवं अरहर की फसलें अधिसूचित है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। श्री वर्मा ने कृषकों से अपेक्षा की है कि 31 जुलाई 2025 तक अपनी फसलों का बीमा कराकर फसल नुकसान होने पर फसल बीमा का लाभ प्राप्त करें। फसल बीमा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक बहराइच के कार्यालय अथवा फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उप निदेशक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जनपद बहराइच जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। जिसके अन्तर्गत व्यापक आपदाओं से फसलों की क्षति की स्थितियों में कृषकों को क्षति की क्षतिपूर्ति फसल बीमा कम्पनी द्वारा की जाती है।

### कॉलेज गई छात्रा लापता

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, धनपतगंज थाना क्षेत्र से एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने अपनी 20 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने नामजद केस दर्जकर के जांच शुरू कर दिया है। छात्रा की मां के अनुसार, उनकी बेटी हर्ष महिला महाविद्यालय, देहली बाजार में परीक्षा देने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। घटना सात जुलाई की है। उसके बाद शाम तक जब बेटी घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला, तो उसने कॉलेज में संपर्क किया। वहां पता चला कि छात्रा कॉलेज नहीं पहुंची थी। परिवार ने रिश्तेदारों और जानकारों के यहां रुचि की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। तीन दिन बाद लड़की की मां को मायके से सूचना मिली कि कूरेभार थाना क्षेत्र के धंजई गांव का रहने वाला अजय कुमार पुत्र राम अवतार सरोज लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बाबत एसओ धनपतगंज प्रवीण यादव ने बताया कि मामले के तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। छात्रा की तलाश की जा रही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जिले में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादानपुर गांव में दोपहर के समय एक दर्दनाक घटना सामने आई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोग घायल हो गए। घायलों में रामजतन प्रजापति (45), घेराऊ (55) और अनिल (35) धान के खेत में काम कर रहे थे। उनके साथ दो बच्चे आयुष (10) और अभय (8) भी मौजूद थे। तेज बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी।

# डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुआ वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, सबलापुर, बहराइच (उत्तर प्रदेश) में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह ऑनलाइन वेबिनार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के सहयोग Zoomप्लेटफार्म पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को वित्तीय योजना, बचत, निवेश तथा आर्थिक जागरूकता के प्रति प्रशिक्षित करना रहा। इस वेबिनार के समन्वयक डॉ. मनीष कुमार शर्मा रहे तथा कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चौरसिया एवं डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. प्रियंका शर्मा, मैनेजर आस्था शुक्ला, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र संजय गौतम, प्रो . संतोष, डॉ. मनीष शुक्ला , डॉ. संदीप, जगदंबा प्रसाद शुक्ला सहित समस्त संकाय सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अजय कुमार उपाध्याय (ठरए) द्वारा मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, समझदारी पूर्ण निवेश एवं आयुर्वेदिक छात्रों के लिए आर्थिक स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूरे कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक नेहा मौर्या द्वारा किया गया। इस सफल आयोजन ने यह सिद्ध किया कि आयुर्वेदिक शिक्षा संस्थानों में केवल चिकित्सा ही नहीं, बल्कि समग्र विकास की दिशा में भी गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

# देहात संस्था की अगुवाई में किया गया स्कूल चलो अभियान जागरुकता रैली का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नवाबगंज के मनवरिया उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के प्रवेश

पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया रैली की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीमती महरे निगार द्वारा किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित हुए, जिनमें छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली के दौरान लोगों को नामांकन के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया। कि सभी अभिभावक समय रहते ही अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम मे स्कूल के अध्यापक संजय कुमार, सुरेश कुमार, श्रीमती रानी देवी आंगनबाड़ी श्रीमती अनीता वर्मा व देहात संस्था के कार्यकर्ता सीपीओ मुजम्मिल जी, पवन कुमार, नीरज श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# सरयू नदी नाला मे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र मे हड़कंप

## शव शिनाख्त व विधिक कार्यवाही मे जुटी स्थानीय पुलिस

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। थानाध्यक्ष खैरीघाट एस कुमार द्वारा प्रेसनोट जारी करते हुए लिखा गया कि मंगलवार को समय करीब 08.00 बजे सुबह सूचना मिली कि ग्राम बेलमकन थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के निकट सरयू नदी, नाला में एक अज्ञात मृत व्यक्ति पड़ा है। इस सूचना पर मौके पर पुलिस द्वारा सम्मानपूर्वक शरीर को नदी से बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों से मृतक व्यक्ति के पहचान करने का प्रयास किया गया, किंतु उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यह व्यक्ति तीन-चार दिन पहले आस-पास घूम-फिर रहा था जिसकी मानसिक दशा ठीक नहीं थी।

### मृतक का पहनावा

नीले रंग की टीशर्ट व काले रंग की हाफ पैंट, उम्र करीब 44 वर्ष रंग सांवला एकहरा मजबूत जिस्म है। फील्ड यूनिट को सूचना दी गयी है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। शव के पहचान हेतु प्रयास जारी है।

# कुत्तों के झुंड द्वारा बच्चे को घायल करने की घटना का डीएम ने लिया संज्ञान

## उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद की तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर के थाना खैरीघाट के ग्राम खम्हरिया में 12 वर्षीय बालक को कुत्तों के झुंड द्वारा नोचकर घायल करने की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिला विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से मौके की जांच कर आवारा कुत्तों पर प्रभावी रोकथाम कराये जाने तथा अब तक इस सम्बन्ध में कोई प्रभावी कार्यवाही न किये जाने हेतु उत्तरदायी खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी एवं पंचायत सचिव का अग्रेतर आदेशों तक वेतन बाधित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सचिव के माध्यम से आवारा कुत्तों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में पूर्व में अनेको बार निर्देशित करने के बावजूद ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर डीएम ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

# किसानो की समस्यायों के निराकरण हेतु किसान दिवस आज

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शासन के निदेर्शानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 16 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर सम्मानित हुए उद्यमी, प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने आईटीआई एवं कौशल विकास द्वारा लगाये गये स्टाल/प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शित किये गये उपकरणों के सम्बन्ध में प्रशिक्षार्थियों द्वारा दी गयी जानकारी पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी द्वारा जनपद के उद्यमियों अमन अग्रवाल एवं राहुल मिश्रा, 11 सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों आकाक्षा मिश्रा, स्वेता सिंह, कोमल वर्मा, अशीष कुमार मिश्रा, दीपेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र पाठक, मो. गुफरान, संदीप तिवारी, शुभम कश्यप, सुगंधा शर्मा व मुख्तार अहमद तथा प्रशिक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 07 प्रशिक्षण प्रदाता रामा इन्फाटेक, स्कार्ट, महिन्द्रा एजूकेशन प्रा.लि., बलार्क फाउन्डेशन, युवा शक्ति सामाजिक शैक्षणिक संस्था, पंख परिधि फाउन्डेशन व होरिजन स्किल को प्रशस्ति पत्र तथा सोमवार को आयोजित रोजगार मेले में चयनित 11 युवक-युवतियों को जॉब आफर लेटर प्रदान करते हुए चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अन्त में नोडल प्रधानाचार्या स्मृति शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जबकि कार्यक्रम का संचालन सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने किया।

# आवारा मवेशियों ने दो परिवारों में कराई मारपीट

## अमेठी में पड़ोसी के घर पहुंचाए जानवर, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, आवारा मवेशियों की समस्या ने सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। शिवगढ़ जलालपुर गांव में इस समस्या ने दो परिवारों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इस मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज हो गया है। मुकेश कश्यप अपने धान के खेत से आवारा मवेशियों को हांककर रवि कश्यप के घर के सामने ले आया। रवि अपनी मां सावित्री देवी के साथ दरवाजे पर सो रहा था। अचानक जानवरों के झुंड को देख रवि ने विरोध किया। विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इस दौरान रवि की मां सावित्री देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। उनका इलाज असैदापुर स्थित अस्पताल में चल रहा है। कोतवाल रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह स्थिति प्रशासन की विफलता का परिणाम है। क्षेत्र में घटमापुर, गंगहुआ, संड़िला, शिवगढ़ जलालपुर और पूरे गिरधर शाह में सैकड़ों आवारा पशु हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे अपनी खेती और घर की रक्षा के लिए जानवरों को भगाते हैं, लेकिन ये पशु आसपास के इलाकों में जाकर दूसरों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे रोजाना विवाद की स्थिति बनी रहती है।

# रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह, लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भाजपा प्रणित) के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में एक रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष शिवपूजन सिंह की उपस्थिति में अरुण राव, दुर्गेश वर्मा, राज त्रिपाठी, विशेष सिंह, रोजन अली, रिंकू मिश्रा, पवन सिंह प्रताप, संतोष सिंह थाना रुपईडीहा के बाबागंज चौकी प्रभारी दीपक सिंह सहित दर्जनों लोगो ने रक्तदान किया। शिविर का संचालन महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. शिखा सिंह, डॉ. दिवाकर वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा (एलटी) एवं नूर मोहम्मद समेत अन्य मेडिकल स्टाफ ने शिविर को सफलतापूर्वक संचालित किया।

# आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाया गयी आचार्य सुश्रुत जयंती



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर में मंगलवार को सुश्रुत जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कालेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुर्वेद प्राचार्य डॉ आनंद कुमार चौरसिया ने सुश्रुत के योगदान पर प्रकाश डाला गया और आयुर्वेद के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सुश्रुत जयंती आयुर्वेद के महान विद्वान सुश्रुत के सम्मान में मनाई जाती है। इस मौके पर डा. चंद्र शेखर, डा. मुकेश माहिच, डा. मनीष कुमार शर्मा, डा. प्रियंका शर्मा, जेपी शुक्ला, कृष्णकांत तिवारी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# क्षत्रिय महासभा को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

## अलीगढ़ में कांवड़ मार्ग पर नेम प्लेट चेक करने जा रहे थे, दुकानें चेक करने से पहले रोके गए

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, अखिल भारतीय करणी सेनाा के पदाधिकारियों को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। वह नजदीक जीटी रोड पर कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों की नेम प्लेट चेक करने के लिए जा रहे थे। पदाधिकारियों का आरोप था कि लोग बिना नेम प्लेट के दुकानें चला रहे हैं। जब पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो बन्नादेवी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और पदाधिकारियों को समझाकर घर ले आई। उन्हें घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस ने पदाधिकारियों को समझाया कि जो भी शासन की गाइडलाइन है, उसका पालन किया जाएगा। लेकिन उनके पदाधिकारी ऐसा कोई काम न करें। अखिल भारतीय करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर कई दुकानदार बिना नेम प्लेट के दुकानें चला रहे हैं। उनका कहना था कि कुछ जिहादी मानसिकता के लोग अपना नाम और मोबाइल नंबर छिपाए हुए हैं। उन्होंने रविवार को दुकानों की नेम प्लेट चेक करने की घोषणा की थी और अपने पदाधिकारियों के साथ निकले थे। जैसे ही पुलिस को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तत्काल उन्हें रोका और घर ले जाकर हाउस अरेस्ट कर लिया। कई घंटे तक पुलिस टीम उनके घर पर ही बैठी रही और हिदायत दी कि वह ऐसा कुछ भी न करें। अखिल भारतीय करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र चौहान ने बताया कि जेहादी मानसिकता के कुछ लोग अपना नाम और मोबाइल नंबर छिपा रहे हैं। यह कांवड़ियों का धर्म भ्रष्ट करने का काम कर सकते हैं। इसलिए पुलिस और प्रशासन खुद इन पर नजर रखे और दुकानों पर नेम प्लेट लगवाए। उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर हजारों कांवड़िये निकलते हैं, जो खेरेश्वर महादेव मंदिर में जाकर जलाभिषेक करते हैं।

# चोरों ने दी बड़ी वारदात को अंजाम

## पुन्नपुर गांव में छत से घुसे चोर, 5 लाख के जेवर और 45 हजार नकद ले गए

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, संग्रामपुर क्षेत्र में स्थित पुन्नपुर गांव में चोरी की वारदात हुई। चोर छत के रास्ते आंगन में उतरे। उन्होंने दो कमरों के दरवाजों की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पीड़ित मूरत के अनुसार परिवार के खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। सुबह पांच बजे जागने पर उन्होंने देखा कि दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे में रखे बक्से की कुंडी और आलमारी का लॉक भी टूटा था। चोर उनकी पत्नी, बहू और बेटी के जेवरात ले गए।



बेटी के इलाज के लिए रखे 45 हजार रुपये की नकदी भी गायब थी। मूरत ने बताया कि दो साल के भीतर यह दूसरी चोरी है। पिछली बार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाने से उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव और विनोद कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। एसएचओ बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# आकाशीय बिजली से 13 लोग झुलसे

## दो अलग-अलग खेतों में काम कर रहे थे लोग, 8 की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, आकाशीय बिजली गिरने से 13 लोग घायल हो गए। यह घटना मोतिगरपुर और शिवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के लामा बंकठा के 8 लोग श्रीरामपुर लमौली में राम लवट गौतम के खेत में बेहन लगा रहे थे। दोपहर एक बजे आकाशीय बिजली गिरने से सभी घायल हो गए। घायलों में चंदू निषाद, रमेश, रंजीत, निर्मला, ममता, प्रियंका, सोनू और निशा शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादानपुर गांव में भी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। इस हादसे में 5 लोग घायल हुए। रामजतन प्रजापति, घेराऊ और अनिल धान के खेत में काम कर रहे थे। उनके साथ 10 वर्षीय आयुष और 8 वर्षीय अभय भी मौजूद थे। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के लामा बंकठा के 8 लोग श्रीरामपुर लमौली में राम लवट गौतम के खेत में बेहन लगा रहे थे। दोपहर एक बजे आकाशीय बिजली गिरने से सभी घायल हो गए। घायलों में चंदू निषाद, रमेश, रंजीत, निर्मला, ममता, प्रियंका, सोनू और निशा शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवादानपुर गांव में भी दोपहर में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। इस हादसे में 5 लोग घायल हुए। रामजतन प्रजापति, घेराऊ और अनिल धान के खेत में काम कर रहे थे।

## संक्षेप

### मंगलगढ़ किले की साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए गए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

मोहबा। बुंदेलखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण केंद्र करीब 400 फिट ऊंचाई के साथ कई हेक्टेयर में फैले चरखारी में स्थित मंगलगढ़ किले का एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी झाँसी पुरातत्व विभाग राजीव त्रिवेदी के साथ भ्रमण किया प्राकृतिक सौन्दर्यता से भरपूर, रमणीय किला के अंदर बड़े सात सरोवर, मंदिर, रियासत कालीन तोपे एवं विहंगम दृश्य, हिल स्टेशन सा नजारा लोगो के लिए आकर्षक का केन्द्र है किला में विगत 30 वर्षों से आवागमन बंद है वहाँ पर साफ सफाई और भी अन्य व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए जल्द ही दूर दराज के लोग परिवार सहित किला घूमने आए उन्हें कोई परेशानी न हो इसके सुरक्षा एवं अन्य पहलुओं पर विचार विमर्श किया कहा कि बहुत ही जल्द आमजन को घूमने के लिए किला खुल जायेगा भ्रमण के दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे मंगलगढ़ किला खुलने से चरखारी का विकास बहुत तेजी से होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे

### किसान की जमीन पर कब्जे का मामला

जेवर, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक किसान ने पुलिस और बिल्डर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव रौनीजा के किसान विनोद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। विनोद के अनुसार गांव निलौनी-शाहपुर में उनकी और परिवार की 11 बीघा जमीन है। उन्होंने इस जमीन का मुआवजा नहीं लिया है। बिल्डर ने पुलिस की मदद से उनके खेतों में खड़े पशुओं के चारे को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर किसान और उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जब किसान अपने परिजनों के साथ रबूपुरा कोतवाली पहुंचे, तो उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहां कोतवाली प्रभारी, तीन दारोगा, कई पुलिसकर्मी और बिल्डर मौजूद थे। किसान पर बिल्डर को जमीन का कब्जा देने का दबाव बनाया गया। जब किसान के बेटे ने इस घटना का वीडियो बनाना चाहा, तो एक सिपाही ने उसे थप्पड़ मारकर मोबाइल छीन लिया। फिर गाली-गलौज करते हुए सभी को धक्के मारकर कमरे से बाहर निकाल दिया। किसान का कहना है कि उनके खेत से जुड़ा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है। वहीं, पुलिस ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### सांसद ने किया हाईटेक कंट्रोल रूम का निरीक्षण

मेरठ, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। रविवार को सांसद अरुण गोविल और मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान वे बच्चा पार्क स्थित डेन गैलेक्सी के हाईटेक कंट्रोल रूम भी पहुंचे। सांसद ने कंट्रोल रूम की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतना उन्नत कंट्रोल रूम उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने बताया कि इस कंट्रोल रूम की मदद से पुलिस ने कई अपराधों का खुलासा किया है। डेन गैलेक्सी के निदेशक रोमी ने बताया कि औघड़नाथ मंदिर में हर साल कंपनी की ओर से हाईटेक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है। मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने कहा कि डेन गैलेक्सी के सीसीटीवी कैमरों ने शहर में सुरक्षा का घेरा बनाया है। यह कंट्रोल रूम कांवड़ियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### सड़क पर तड़प-तड़पकर 3 युवकों की मौत

मेरठ, ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 3 युवकों की मौत हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़े। करीब आधे घंटे तक तड़पते रहे। हादसा रोहटा थाना क्षेत्र में शनिवार को सुबह लगभग 7 बजे हुआ है। मेरठ मेट्रो में नाइट ड्यूटी करने के बाद बाइक से 3 युवक अपने घर कैथवाड़ी की ओर जा रहे थे। लगभग साढ़े 7 बजे रोहटा ब्लॉक के सामने सड़क पर अचानक एक युवक आ गया।

# मण्डलायुक्त ने की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक बैठक

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में लघु सभागार में मण्डल स्तरीय कर-करेत्तर एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कर वसूली की समीक्षा की गयी। वाणिज्य कर में गत माह में उपलब्धि के सापेक्ष मथुरा को छोड़कर अन्य जिलों की उपलब्धि कम रही जबकि आगरा मासिक उपलब्धि में भी सबसे पीछे रहा। प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन में आगरा में वसूली प्रगति तथा रैकिंग खराब रही। एडीएम वित्त महोदया को आगरा में नये सर्किल दर जल्द लागू करने और उसी दर के अनुसार पंजीकरण की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। आगरा के अलावा अन्य जिलों में सर्किल दरों में लगभग 5 प्रतिषत वृद्धि कर संशोधित दरें जारी करने के निर्देष दिए गये। आबकारी मद में भी सभी जिलों ने लगभग मासिक




लक्ष्य की प्राप्ति की। परिवहन में मथुरा सबसे पीछे रहा। विधिक माप में सभी जिलों को लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। विविध देय में सभी जिलों की ओवरऑल प्रगति संतोषजनक रही। आयुक्त महोदय ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मदों में एक बार पुनः आरसी का मिलान कर लिया जाए जिससे समुचित वसूली होती रहे और क्रमिक मासिक लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। तत्पश्चात आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। मण्डलीय प्रभारी व अपर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि आईजीआरएस में आगरा मण्डल की 18वीं रैंक है। रैकिंग में कोई सुधार न होने पर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। अधिकारीवार असंतोषजनक फीडबैक की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। देखा गया कि विगत माह में कड़े निर्देश दिए जाने के बावजूद इस माह में भी पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, सिंचाई जल संसाधन आगरा, संयुक्त शिक्षा निदेशक आदि द्वारा असंतोषजनक फीडबैक पर कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी असंतुष्ट फीडबैक वाले सन्दर्भ का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। संबधित अधिकारी मौके पर जाएं और शिकायतकर्ता से बात कर शिकायतों का निस्तारण करें। फोन पर उचित फीडबैक लिया जाए। अगर नकारात्मक फीडबैक मिलता है तो शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का प्रयास किया जाए। फीडबैक को लिखा जाए। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक श्रीमती कंचन शरन, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त आगरा श्रीमती शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी मथुरा डॉ पंकज कुमार वर्मा, अपर नगरायुक्त आगरा सत्येन्द्र कुमार तिवारी, आरटीओ अरूण कुमार, उप आबकारी आयुक्त विजय प्रताप सिंह, ज्वांइट कमिश्नर स्टेट टैक्स बी डी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# गिरिराज तलहटी क्लीन और प्लास्टिक मुक्त होगी, पीड़ित को मिलेगा न्याय - एसडीएम

### गिरिराज परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था को टीम गठित, नायाब तहसीलदार रखेंगे नजर

अमन लेखनी समाचार

गोवर्धन। गिरिराज तलहटी क्लीन और प्लास्टिक मुक्त होगी, हर पीड़ित को न्याय मिलेगा, गोवर्धन परिक्रमा को आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता का एहसास होगा. एसडीएम ने एक परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई के लिए टीम गठित कर नायाब तहसीलदार को परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था का खयाल रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर नवागत उप जिलाधिकारी से एक अनौपचारिक मुलाकात करने गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्याम जोशी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष डॉ. कमल यदुवंशी के नेतृत्व में एकत्रित पत्रकार दोपहर को तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां नवागत उप जिलाधिकारी प्रजाक्ता त्रिपाठी को चुनरी दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।



दफ्तर में अनौपचारिक मुलाकात में क्षेत्रीय समस्या, धार्मिक आयोजन एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से आगामी जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, राधाष्टमी, अहोई अष्टमी जैसे धार्मिक मेलों के आयोजन पर चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा की गिरिराज परिक्रमा मार्ग में की सफाई व्यवस्था को लेकर एक टीम गठित कर दी है और एक नायाब तहसीलदार को परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था का खयाल रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसडीएम ने बताया कि पत्रकार उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से रुबरु कराएं वह प्राथमिकता पर उनका निदान कराएंगी। इस अवसर वरिष्ठ पत्रकार वन बिहारी भारद्वाज, खन्ना सैनी, गोपाल कृष्ण गोलू, नरेश स्वामी, अमित गोस्वामी, अजय ठाकुर, पंकज वर्मा, महेश सैनी, पंकज वर्मा, पवन पाठक, ओम प्रकाश लवानियां।

# छह मोटरसाइकिल सहित चार शातिर चोर गिरफ्तार

### अलीगढ़ के रहने वाले हैं चारों शातिर चोर

अमन लेखनी समाचार/अमन मिश्रा



मथुरा। थाना गोविंद नगर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 4 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। अलीगढ़ के रहने वाले ये वाहन चोर मथुरा में रहकर बाइक चोरी करते थे। पुलिस के द्वारा पकड़े गए चोरों के पास से फर्जी नंबर प्लेट और 2 चाकू भी बरामद किए हैं क्षेत्राधिकार भूषण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गोविंद नगर पुलिस को सूचना मिली कि हनुमान मंदिर के समीप 4 संदिग्ध युवक मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं। जहां उसको अलीगढ़ के गोराई कस्बे के रहने वाले 4 युवक मिले। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनके पास अवैध चाकू और फर्जी नंबर प्लेट मिली। जिसके बाद पुलिस चारों को थाना ले आई। युवकों को थाना लेकर पहुंची पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो युवकों ने बताया वह दो पहिया वाहन चोरी करते है और उनके नाम देवेंद्र, अनूप, धर्मेंद्र और लोकेश हैं। पुलिस को युवकों ने बताया कि उन्होंने चोरी की बाईकों को एक स्थान पर छिपाया हुआ है। पुलिस चोरी की गई बाईकों को बरामद करने के लिए युवकों को लेकर गई और उनकी निशानदेही पर चोरी की गई 6 बाइक बरामद की। पकड़े गए चोरों में मास्टर माइंड धर्मेंद्र है। धर्मेंद्र वृंदावन में रहकर रेकी करता था और देखता था कि कौन सी बाइक बाहर से आ रही है, किस बाइक पर नंबर प्लेट नहीं हैं। इसके बाद वह अपने साथियो को सूचना देता था। जिसके बाद वहचोरी की घटना को अंजाम देते थे गिरफ्तार साथी चोरों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है

# धूमधाम से मनाया गया वात्सल्य सावन महोत्सव

अमन लेखनी समाचार



वात्सल्य ग्राम में श्रावण के प्रथम सोमवार को वात्सल्य सावन महोत्सव के रूप में मनाया गया, इस अवसर पर साध्वी बहने, गोकुलम की माताएं, वात्सल्य निवासी एवं संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल की सैकड़ों छात्राओं ने यमुना तट से जल भरकर कांवर द्वारा भजन कीर्तन, शंखनाद के साथ बाबा भोलेनाथ की जय जयकार करते हुए कांवर को वात्सल्य ग्राम लाकर यहां पर वात्सल्यमूर्ति साध्वी ऋतंभरा को सौंप दिया । साध्वी ऋतंभरा ने मंगल मानस स्थित भगवान भोलेनाथ पर भी परिक्रमा कर 12 फीट ऊँचे, 60 के शिवलिंग नर्मदेश्वर पर जलाभिषेक किया बेल पत्र चढ़ाये एवं पुष्पार्चन किया। गोकुलम की यशोदा माताओं ने मेंहदी रचाकर झूला झूले पेंग बढ़ाई, श्रावण मल्हार गाकर उत्सव को सफल बनाया।

साध्वी रितंभरा ने जलाभिषेक करते हुए कहा कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ की आराधना का विशेष महीना है इस माह में रुद्राभिषेक कराना अति उत्तम माना गया है। श्रावण मास में प्रकृति भी प्रफुल्लित रहती चारों ओर हरियाली रहती प्रकृति अपनी सन्तति का श्रंगार करती है ।

श्रावण मास में ही समुद्र मं मंथन हुआ था समुद्र मंथन में निकला हलाहल भगवान शिव पिया और उसे कंठ में रोक लिया जिससे उनका कम कंठ नीला पड़गया और वह नील कंठ कहलाए। यह माह में कुल्डनी जागृत करने का माह है हमें शिव आराधना कर तीनों तापों को नष्ट करना चाहिए। शिव साधना से हमारी आन्तरिक शक्तियो का जागरण होता है।

भगवान शिव को वेल पत्र अत्यन्त प्रिय है वेलपत्र के तीनों पत्तों ब्रह्मा विष्णु महेश का बास माना जाता है। शिव पूजा सभी मनोरथ पूर्ण करने वाली होती है। इस अवसर पर संजय भैया , सुमन लता, सीता परमानंद, साध्वी सुहृदया गिरि,साध्वी शिरोमणि, स्वामी सत्यशील, राजेश पांडेय, साध्वी बहिने, यशोदा माताएं, मीनाक्षी अग्रवाल, राजेश पाण्डेय, डॉ लक्ष्मी गौतम, ममता भारद्वाज, अनीता चतुर्वेदी आदि की विशेष उपस्थिति रही। अंत में संयोजिका साध्वी शिरोमणि ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तेज रफ्तार बाइक ने राहगीर को मारी टक्कर, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

कोसीकलां। शाहपुर रोड पर कल देर रात एक तेज रफ्तार बाइक ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पलवल जिले के हसनपुर गांव निवासी राजकुमार (28) पुत्र संतलाल बाइक पर सवार होकर आगरा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह कोसीकलां के सुपाना गांव के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक ने खरौट गांव निवासी नेमी को जोरदार टक्कर मार दी, जो सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार राजकुमार उछलकर दूर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहगीर नेमी घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोसीकलां में भर्ती कराया गया।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना रात्रि करीब 11 बजे की है। पोस्टमार्टम गृह पर परिजनों ने बताया कि मृतक राजकुमार ने दो माह पूर्व एक कार खरीदी थी जिसे उसके ही पड़ोसियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसे लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। घरवाले उससे इस मामले में झगडने की मना करते थे। क्षुब्ध होकर वह अपनी ससुराल नौहझील जा रहा था तभी यह हादसा हुआ।।

# पुलिस की वर्दी पहनकर धमकी देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

- नोएडा फेस-3 में मुठभेड़ के दौरान लगी गोली, फर्जी वर्दी और तमंचा बरामद

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को जेल भेजने की धमकी देकर ठगी करता था। थाना फेस-3 पुलिस टीपीनगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। आरोपी रुकने की बजाय भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान मेरठ के थाना किला परीक्षितगढ़ के ग्राम चितवाना शेरपुर निवासी अमित उर्फ



सुक्के के रूप में हुई। वह वर्तमान में नोएडा के बहलोलपुर में किराए पर रहता है। आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से यूपी पुलिस की वर्दी, मोटरसाइकिल की फर्जी नंबर प्लेट और स्प्लेंडर प्रो बाइक भी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को धमकाता था। वह पीड़ितों से गूगल-पे के जरिए पैसे भी ऐंठता था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बना अमौली सीएचसी

### महंगी दवाऐ मिलेगी मरीजों को सस्ते दामों पर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली में प्रधानमंत्री जन कल्याण औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीवनयन गिरि ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र का धूमधाम से शुभारंभ किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत उपस्थित मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने अंगवस्त्र बैच अलंकरण तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया वहीं अस्पताल प्रांगण




अंतर्गत मौजूद अन्य चिकित्सा डॉ अर्चना सिंह डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव अनिल शुक्ला अभय प्रताप सिंह मनीष तिवारी आदि ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस सराहनीय कार्य के लिए देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि राजेंद्र पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मुख्य उद्देश्य है कि सभी गरीबों को सस्ते दामों पर महंगी दवाई उपलब्ध हो जिसकी मुहिम चलाते हुए अमौली में केंद्र स्थापित कराया गया है वहीं सरकार की अन्य योजनाओं को भी विस्तृत रूप से क्षेत्रीय विधायक ने बताया मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर राजीव नयन गिरि ने अपने संबोधन में बताया कि अमौली के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विस्तृत रूप से उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं वहीं अनुमानतः दपसौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी संचालन 31 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया आए हुए सभी अतिथियों समेत क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों का कार्यक्रम की प्रमुख आयोजक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पुष्कर कटियार में सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा श्रीकांत उत्तम जय नारायण धीरज शर्मा ओमप्रकाश समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे

### पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़

#### बदमाश ने किया फायर, जवाबी कार्रवाई में घायल; चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़ हुई। घटना निम्मी विहार तिराहे सेक्टर 88 की है। पुलिस रात्रि में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। बाइक सवार रुका नहीं और दादरी मेन रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया। ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 88 कट से पहले बदमाश ने खुद को घिरा देख बाइक गिरा दी। उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान इरफान उर्फ पिंटू (22) के रूप में हुई। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के भिंड का रहने वाला है। वर्तमान में नोएडा के नयागांव में रहता है।

# लोगों ने किया प्रदर्शन

### दुकानदार पर जूस में थूक मिलाने का लगाया आरोप, पुलिस ने दुकान बंद कराई

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, नंदग्राम थाना क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित दिल्ली जूस कॉर्नर पर हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने दुकान पर जूस में थूक मिलाने और बोतलों में पेशाब भरे होने का आरोप लगाया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझाकर शांत कराया। सुरक्षा के लिहाज से दुकान को बंद करा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सूचना मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जूस व अन्य तरल पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए हैं। नमूनों को लैब भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगी कि वास्तव में कोई मिलावट की गई थी या




नहीं। विजयनगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ विहार इलाके में भी सामने आया था। वहां भी एक दुकान पर जूस में थूक मिलाने का आरोप लगा था। फिलहाल पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। हालांकि एक दिन पहले का मामला पुलिस जांच में सही नहीं पाया गया, जिसमें कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने नंदग्राम थाने में तहरीर दी है। जिसमें संगठन की तरफ से तहरीर दी गई है। दुकान में रखी एक बोतल में कम मात्रा में तरल भरा हुआ था।

# 60 साल से बसी कॉलोनी पर बुलडोजर का संकट

- प्रधानमंत्री आवास का बोर्ड भी टंगा, फिर भी बेघर होने की नौबत क्यों

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , साहिबाबाद में बसी बाबू जगजीवन राम कॉलोनी पर जीडीए की ओर से 15 दिन में ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया है। करीब 172 परिवारों को नोटिस मिला है, जिससे कॉलोनी में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी की जमीन को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की गई थी, जिसमें इसे पार्क के लिए आरक्षित बताया गया था। एनजीटी ने जीडीए को आदेश दिया कि जमीन को खाली कर पार्क विकसित किया जाए। कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए कहते हैं हम बांग्लादेशी है रोहिंग्या हैं जो अवैध रूप से यहां आकर बस गए हैं करीब 2864 वर्ग मीटर में फैली इस कॉलोनी की स्थापना 1962 के आसपास हुई थी। यहां झुग्गी-झोपड़ियों से शुरू होकर आज छोटे-छोटे पक्के मकान बन चुके हैं, जिनमें करीब 2500 लोग रहते हैं। लोगों का कहना है कि वे यहां 60 सालों से रह रहे हैं, बिजली के बिल जमा होते हैं, आधार कार्ड बने हैं और कई घरों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आर्थिक सहायता भी मिली है। कॉलोनी की बुजुर्ग महिलाएं आंखों में आंसू लिए कहती हैं—शादी करके आए थे, घर बसाया था, अब बच्चों को लेकर कहां जाएं? किराए पर रहने की हैसियत नहीं, और कोई ठिकाना नहीं। निवासियों का




सवाल है कि जब सरकारी योजना से सहायता मिली, जीडीए अधिकारियों का कहना है कि वे एनजीटी के आदेशों का पालन कर रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग सरकार से यहीं बसाए रखने की मांग कर रहे हैं।





# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा

**अलका 'सोनी'**

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

### सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

### हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



### सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

### दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

### सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाएं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'

### सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...*



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से दूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह

**विजय सिंह चौहान**

जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।



### फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।

### संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।



### संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें।

वास्तु सलाह

**अनीता जैन, वास्तुविद**

अगर वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए और उसके अनुसार घर की सजवाट की जाए तो समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। इसके लिए किन उपायों पर अमल करना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

# घर की सजावट में वास्तु संतुलन बनी रहेगी सकारात्मक ऊर्जा





वास्तु शास्त्र केवल घर-ऑफिस बनवाते समय दिशाओं के निर्धारण या निर्माण तकनीकों तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह हमारे जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करने वाली ऊर्जा का विज्ञान भी है। घर में रखी प्रत्येक वस्तु, चाहे वह सजावटी सामान हो, फर्नीचर हो या घरेलू उपकरण, हमारे अवचेतन मन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि इनका स्थान और चयन वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप हो, तो जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और उत्साह बना रहता है। आइए जानें कि इंटीरियर डेकोरेशन के माध्यम से किस प्रकार हम अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।

**प्रवेश द्वार हो ऐसाः** घर के प्रवेश द्वार को वास्तु में अत्यंत शक्तिशाली क्षेत्र माना जाता है। यह न केवल आगंतुकों और मेहमानों पर अच्छा प्रभाव छोड़ता है, बल्कि यहीं से घर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह आरंभ होता है। इसलिए इस क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखें और यहां शुभ प्रतीक जैसे



स्वास्तिक, ॐ, कलश, घंटी, शंख, मछलियों का जोड़ा या आशीर्वाद मुद्रा में गणेश जी की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। फूलों का तोरण, विशेष तौर पर ताजे या कृत्रिम साफ-सुथरे फूलों से बना, द्वार को आकर्षक और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाता है।

**सजावट में शुभता-सौम्यताः** घर की दीवारों पर लगाई गई तस्वीरें या शोपीस हमारे मनोभावों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। युद्ध, खंडहर, सूखे पेड़ या हिंसक जानवरों की छवियां घर में अशांति ला सकती हैं। इसके विपरीत दौड़ते हुए घोड़े की तस्वीर (पूर्व या उत्तर-पश्चिम में), हाथी (उत्तर या दक्षिण में) और गाय की तस्वीरें (पूर्व या दक्षिण-पूर्व में) सकारात्मक ऊर्जा, यश और शांति को आमंत्रित करती हैं।

**पौधों से आती है ताजगी-समृद्धिः** ड्रॉइंग रूम में उत्तर या पूर्व दिशा में मनीप्लांट, बैंबू बंच या छोटे इंडोर पौधे लगाने से वातावरण में ताजगी और घर में समृद्धि बनी रहती है। इस स्थान पर सूखे, कांटेदार या बोंसाई पौधों को लगाने से बचना चाहिए क्योंकि ये अवरोधक ऊर्जा का प्रतीक होते हैं। घर की उत्तर दिशा में लहलहाते खेत या जंगल का चित्र कार्य में सफलता और धन वृद्धि लाने में सहायक होता है।

**देवस्थान और प्रकाश का संतुलनः** उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा, ध्यान और प्रार्थना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बेहतर होगा इस स्थान पर अपने ईष्टदेव की तस्वीर या प्रतिमा लगाएं। दिवंगत परिजनों की फोटो दक्षिण-पश्चिम में और गुरु की तस्वीर पश्चिम दिशा में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह होता है। घर में प्रकाश की व्यवस्था भी संतुलित होनी चाहिए। रोशनी की सही मात्रा, घर में ऊर्जा को संतुलित करती है।

### इन उपायों से घर बनेगा ऊर्जावान



- बेडरूम में दो हंसों या लव बर्ड्स का शोपीस या राधा-कृष्ण की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं।
- रसोई में गैस स्टोव दक्षिण-पूर्व और पानी का कलश उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।
- ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित जल अर्पण करें और दीपक जलाएं।
- उत्तर, ईशान और पूर्व दिशा में हल्के सामान जबकि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में भारी फर्नीचर रखें। परदों के रंग भी दिशाओं के अनुसार तय करें।

केयर

**डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट**

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम

बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजलन प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**न छोड़ें सनस्क्रीन लगानाः** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाईः** पसीने और



वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूजः** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमीः** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्रायः** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचेंः** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं।

**प्रस्तुतिः चेतना झा**

योगोपचार

**कौशल किशोर, योगाचार्य**

कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।

**वज्रासनः** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।

**शशांक आसनः** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की



वज्रासन



शशांक आसन

ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।

**भ्रामरी प्राणायामः** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौरें जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासनः** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**ताड़ासनः** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं। अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।



इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**